मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा-पंजाब एवं नई दिल्ली से प्रकाशित

www.ajaybharat.com

# दैनिक अजय भारत

ग्वालियर
गुरुवार, 6 अगस्त 2026
वर्षः 13, अंकः 288
पेजः08, मूल्य ₹ 2.00 रुपये

P4



## न्यूज कॉर्नर



### जॉस बटलर को मिली सुपर जायंट्स टीम की कमान

**नई दिल्ली।** (ए.) इंग्लैंड में इन दिनों द हंड्रेड 2026 के मुकाबले खेले जा रहे हैं। इस सीजन के बीच में मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की टीम को एक बाद झटका लगा है। दरअसल एमएसजी के रेगुलर कप्तान एडन मार्करम इस सीजन के बचे हुए मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। व्यक्तिगत कारणों की वजह से उन्होंने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है।



उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर न्यूजलैंड के अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया गया है। अब बचे हुए मैचों में मैनचेस्टर की कप्तानी जॉस बटलर करेंगे।

#### इस सीजन दो मैच जीतने में कामयाब रही है एडन मार्करम

साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज एडन मार्कराम सुपर जायंट्स फ्रेंचाइजी की तीनों टीमों लखनऊ, डरबन और मैनचेस्टर के लिए खेलते हैं। मार्च में हुई ऑक्शन के बाद, उन्हें द हंड्रेड टूर्नामेंट के लिए मैनचेस्टर की मेंस टीम का कप्तान चुना गया था। उनकी टीम ने इस सीजन की शुरुआत दो जीत के साथ की थी, लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं मार्करम की फॉर्म की बात करें तो वह उतना अच्छा नहीं रहा है। शुरुआती चार पारियों में उन्होंने सिर्फ 67 रन बनाए, लेकिन रविवार को द ओवल मैदान पर उन्होंने एक शानदार अर्धशतक लगाया।

## कार्टून कॉर्नर




■ भोपाल में आयोजित 'किताब से कल तक' कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ संवाद

# चैट जीपीटी पर क्या सर्च करते हैं सीएम डॉ. मोहन यादव?

भोपाल। अजयभारत न्यूज

मध्य प्रदेश के सीएम डॉ.मोहन यादव ने सांदीपनि स्कूल की छात्राओं से संवाद किया है। इसका आयोजन कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में आयोजन किया गया था। मंच पर स्कूल की बेटियां ही सीएम के साथ बैठी थीं। सभागर में बैठीं बेटियां उनसे बेबाकी से सवाल पूछ रही थीं। इस दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने उन्हें एक किस्सा भी सुनाया है, जिसमें एक बेटी उनकी कार में बैठकर नेता और विधायकों को गाली दे रही थी।

सीएम डॉ.मोहन यादव ने सांदीपनि स्कूल की छात्राओं से कहा कि मैं आपका भाई हूं। मैं भी सरकारी स्कूल से ही पढ़ा हूं। हां,



इतने अच्छे स्कूल में नहीं पढ़ा हूं। हमारे समय में स्कूल अलग प्रकार के होते थे। उन्होंने कहा कि मैं यहां आया तो मुझे पता चला कि स्कूल में छात्राओं की कैबिनेट भी है। उन्होंने स्कूल कैबिनेट के




सदस्यों को मंच बुलाया और सबका परिचय लिया। 12वीं क्लास की शिवानी ने सीएम को बताया कि मैं स्कूल की स्पोर्ट्स मिनिस्टर हूं। 12वीं कक्षा की सपना गिरी ने बताया कि मैं कल्चरल मिनिस्टर हूं। 11वीं क्लास की दीपिका परते ने बताया कि मेरा काम अनुशासन बनाकर रखना है। स्कूल की कैबिनेट मेंबर स्नेहा ने बताया मैं स्कूल की हैड गर्ल हूं। डेप्युटी हैड गर्ल सालेह खान ने बताया कि मैं स्कूल की व्यवस्था में हाथ बंटाती हूं।

### 1800 से अधिक छात्राएं हैं अध्यनरत

**स्कूल टीचर** शिवानी शर्मा ने बताया कि वर्ष 1958 में स्थापित कमला नेहरू कन्या शासकीय विद्यालय अब मुख्यमंत्री सीएम यादव के सहयोग से सांदीपनि विद्यालय के रूप में स्थापित हो चुका है। यहां नर्सरी से कक्षा 12वीं तक 1800 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। सांदीपनि विद्यालय में इन्हें सर्व सुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।

(शेष पेज 8 पर)

पीएम मोदी का वीडियो हटाने के बाद मचा हुआ है बवाल

# मार्क जुकरबर्ग ने मांगी माफी

नई दिल्ली। एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने सीएसएएम कंटेंट, डीपफेक कंटेंट और प्लेटफार्म को चलाने में हुई गलतियों के लिए माफी मांगी है। जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ने मेटा को साफ तौर पर बता दिया है कि वे 'इंटरमीडियरी' (मध्यस्थ) की परिभाषा के दायरे में नहीं आते हैं। वे खुद तय करते हैं कि कंटेंट किसे मिलेगा। इसलिए, आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली 'सेफ हार्बर' (सुरक्षा) की सुविधा उन पर लागू नहीं होती। मार्क जुकरबर्ग ने माना है कि कुछ खास तरह के कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए काफी पैसे दिए गए थे। उन्होंने इस गलती के लिए माफी मांगी और अफसोस जताया है।

आपको बता दें कि बुधवार को मेटा की ग्लोबल टीम ने बुधवार को आईटी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। हाल ही में पीएम मोदी ने नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान एक वीडियो संदेश पोस्ट किया था। हालांकि, इस वीडियो को फेसबुक से कुछ समय के लिए हटा दिया गया था। इस घटना के बाद मामले पर काफी विवाद देखने को मिला था। केंद्र सरकार ने कंपनी के अधिकारियों को तलब किया था। इस बैठक में महत्वपूर्ण पोस्ट पर की गई गलत कार्रवाई, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण एवं उत्पीड़न सामग्री पर प्रभावी रोक में गलती और अन्य नियामकीय मुद्दों पर चर्चा हुई।




### कैसे हटा था पीएम मोदी का वीडियो?

**दरअसल,** नीट पेपर लीक के मुद्दे पर दिल्ली के जंतर मंतर पर काफी प्रदर्शन देखने को मिला था। ऐसे में पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था और पेपर लीक के मामलों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस वीडियो ने इंस्टाग्राम पर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे और ये 24 घंटे में सबसे ज्यादा देखे जाने वाला वीडियो बन गया। हालांकि, फेसबुक ने पीएम मोदी के इस वीडियो को हटा दिया जिसके बाद काफी विवाद हुआ। विवाद के बाद मेटा के प्रवक्ता ने कहा, 'वह कंटेंट गलती से हटा दिया गया था और अब उसे बहाल कर दिया गया है।'

HIGHLIGHTS NEWS

हाईलाइट्स न्यूज



अखिलेश यादव

### दतिया की तो बतिया ही मत करो


**दतिया।** दतिया विधानसभा सीट पर हाल ही में संपन्न हुए उपचुनाव के नतीजे सियासी गलियारों में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। इस बीच अखिलेश यादव का एक नया बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि 'दतिया की तो बतिया ही मत करो।' उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि सपा कार्यकर्ताओं और 'इंडिया गठबंधन' के तमाम सहयोगियों ने मोर्चा संभाला, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।



हॉकी वर्ल्ड कप

### भारत और पाक मैच 19 को

**पाकिस्तान।** भारतीय हॉकी टीम के लिए हॉकी वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल सामने आ गया है। फैंस को सबसे ज्यादा इंतजार जिस मुकाबले का है, वह 19 अगस्त को होने वाला भारत-पाकिस्तान मैच है। FIH हॉकी वर्ल्डकप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला नीदरलैंड्स के एम्सटेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे खेला जाएगा। भारत को पूल-डी में रखा गया है, जहां उसके साथ पाकिस्तान, इंग्लैंड और वेल्स की टीम मौजूद है।



राजनीति

### नरोत्तम का भावुक पोस्ट

**ग्वालियर।** दतिया उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने सोशल मीडिया पर आशुतोष तिवारी से मतभेद की खबरों को खारिज किया। उन्होंने आशुतोष को 25 वर्षों से पारिवारिक रिश्ते वाला ईमानदार कार्यकर्ता बताया और समर्थकों से एकजुटता बनाए रखने तथा किसी भी भ्रामक चर्चा से दूर रहने की अपील की।

# परिसीमन बिल पर बढ़ी हलचल

**16 से 18 अगस्त के बीच विशेष सत्र बुलाने की तैयारी**

नई दिल्ली। एजेंसी

संसद में जारी गतिरोध को दूर करने के प्रयासों के तहत आज संसदीय कार्यमंत्री किरने रिजिजू और राहुल गांधी के बीच लंबी मीटिंग हुई। सूत्रों के मुताबिक इस मुलाकात में परिसीमन बिल पर संसद का विशेष सत्र बुलाने को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों का कहना है कि सरकार 15 अगस्त के बाद संसद का विशेष सत्र बुला सकती है।

सूत्रों के मुताबिक 16 से 18 अगस्त तक विशेष सत्र में सरकार की कोशिश होगी कि वह परिसीमन बिल पर चर्चा कर उसे पारित करा सके। वहीं इस संबंध में सरकार विभिन्न राजनीतिक दलों से संपर्क साध रही है ताकि इस बिल पर व्यापक सहमति बनाई जा सके।



सूत्रों के मुताबिक संसद में गतिरोध तोड़ने के लिए जहां संसदीय मंत्री किरेन रीजीजू को राहुल और प्रियंका गांधी से बात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो वहीं अन्य विपक्षी दलों से इस मुद्दे पर संवाद स्थापित करने की केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, पीयूष गोयल, अर्जुनराम मेघवाल और एस मुरुगन को दी गई है। ये नेता अलग-अलग विपक्षी दलों के नेताओं से बातचीत करेंगे। इसके साथ ही, सरकार अगले सप्ताह एफसीआरए संशोधन विधेयक, 2026 को भी संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है।

### GenZ के मुद्दे पर बोले राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** (ए.) नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज जेन-जी के मुद्दे पर बात की। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने हिंसा नहीं की लेकिन लाठीचार्ज हुआ। युवाओं ने कुछ गलत नहीं किया। महिला प्रदर्शनकारियों के घर गुंडे भेजे गए। लोकतंत्र के लिए लड़ने के लिए युवाओं का धन्यवाद। जब राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो उनके साथ कुछ जेन-जी भी नजर आए, जिन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था। राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया के सामने आकर युवाओं ने हिम्मत दिखाई है।




# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर नहीं लगेगा टोल

**बार-बार धंसने के बाद NHAI ने लिया बड़ा फैसला- जानें पूरा मामला**

नई दिल्ली। एजेंसी

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बुधवार को लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर फिलहाल टोल की वसूली को अस्थाई रूप से बंद करने का फैसला किया है। एनएचएआई ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के बार-बार धंसने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ये फैसला किया है। अथॉरिटी ने कहा कि फिलहाल लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे से गुजरने वाली गाड़ियों से टोल नहीं लिया जाएगा, जब तक कि रिपेयरिंग का पूरा काम नहीं हो जाता। एनएचएआई ने कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के संबंध में रियायतग्राही, इंडिपेंडेंट इंजीनियर और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की है।



**खास खबर** सरकार लगा सकती है नया शुल्क, घरेलू गैस सिलेंडर पर 18 रुपये बढ़ेंगे!

# अब ये क्या? LPG-CNG यूजर्स के लिए बड़ी खबर

नई दिल्ली। एजेंसी

भारत सरकार देश में एक बड़ा रणनीतिक ईंधन भंडार बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार गैस इस्तेमाल करने वाले लोगों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने पर विचार कर रही है। इस योजना पर करीब 42 अरब डॉलर (लगभग 4 लाख करोड़ रुपये) खर्च होने का अनुमान है।

मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि सरकार पहली बार कच्चे तेल के अलावा एलएनजी और एलपीजी का भी रणनीतिक भंडार बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसका मकसद युद्ध या किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय संकट के दौरान ईंधन की सप्लाई बाधित होने पर देश की जरूरत पूरी करना है।



सरकार एलपीजी यानी घरेलू रसोई गैस पर 1.29 रुपये प्रति किलो का शुल्क लगाने पर विचार कर रही है। मौजूदा खपत के आधार पर इससे सरकार को हर साल करीब 460 मिलियन डॉलर यानी लगभग 4375 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। इस शुल्क का असर घरेलू गैस सिलेंडर पर भी पड़ेगा। एक सामान्य घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 18 रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है।

### CNG यूजर्स पर भी शुल्क

प्राकृतिक गैस यानी नेचुरल गैस पर सरकार 1.43 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर का शुल्क लगाने का प्रस्ताव देख रही है। मौजूदा खपत के आधार पर इससे हर साल करीब 1 अरब डॉलर यानी लगभग 9500 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं।दोनों शुल्क से सरकार को कुल मिलाकर करीब 1.5 अरब डॉलर सालाना मिल सकते हैं।





### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जनोन्मुखी पहल

# अब हर शुक्रवार को आयोजित होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

## विभागाध्यक्षों सहित हर स्तर के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी

भोपाल।अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 शुक्रवार 7 अगस्त से प्रारंभ होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ ही कलेक्टर्स और कमिश्नर को अभियान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जन-संवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग और लोकसेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करने के उददेश्य से राज्य शासन द्वारा यह अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। इस अवधि में प्रत्येक सप्ताह के पंचम दिवस अर्थात शुक्रवार को अभियान संचालित होगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान दिवस अर्थात प्रत्येक शुक्रवार को (अपरिहार्य स्थितियों को छोड़कर) विभाग स्तर पर अथवा विभागाध्यक्ष स्तर पर अथवा संभागायुक्त या जिला कलेक्टर्स अथवा विभागीय जिला अधिकारियों के साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन/ऑफलाइन समीक्षा बैठकों का आयोजन नहीं किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों के लिए यह अनिवार्य होगा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की अवधि में प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारीगण फील्ड भ्रमण करेंगे। जिले एवं क्षेत्र का चयन वे अपनी प्रशासनिक कार्य सुविधा, विभागीय आवश्यकता एवं प्राथमिकतानुसार कर सकेंगे। यदि किसी सप्ताह अपरिहार्य कारणों से विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव फील्ड भ्रमण में असमर्थ हो तो इसकी पूर्व सूचना मुख्य सचिव कार्यालय को अनिवार्य रूप से दी जाएगी। विभागाध्यक्षों के मामले में इसी प्रकार की व्यवस्था सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव निर्धारित करना सुनिश्चित करेंगे।

### शिकायतों और आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण पर जोर

सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों में कहा गया है कि सभी विभागों का यह दायित्व होगा कि प्रति सप्ताह अपने-अपने विभाग से संबंधित सी.एम हेल्पलाईन, जनसुनवाई एवं लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करेंगे एवं सुनिश्चित करेंगे कि विभाग/विभागाध्यक्ष स्तर पर कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहें और जिला स्तर पर भी शिकायतों/आवेदनों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण हो। विभाग के अधीनस्थ सभी विभागाध्यक्ष कार्यालयों को यह भी निर्देशित है कि संभाग स्तर पर पदस्थ विभागीय अपर संचालक/संयुक्त संचालक/उप संचालक स्तरीय अधिकारीगण भी अनिवार्य रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में विभागीय कार्यों की समीक्षा के लिए चिन्हित क्षेत्र में भ्रमण पर रहेंगे।

### संवाद-समाधान संवेदनशीलता और सादगी होंगे अभियान के स्तंभ

संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के 4 स्तम्भ हैं। पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन इस अभियान का प्रतिबिंब है। सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि अभियान के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन दिशा-निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

### सादगी और सीमित वाहन पूलिंग पर जोर

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत भ्रमण कार्यक्रम आदि के दौरान सादगी और मितव्ययिता का विशेष ध्यान रखा जायेगा। अधिकारीगण यह सुनिश्चित करेंगे कि भ्रमण पर प्रस्थान करते समय वाहन संख्या सीमित रहे और यथासंभव वाहन पूलिंग सुनिश्चित की जायेगी। प्रशासकीय विभाग के अधीनस्थ समस्त विभागाध्यक्षों, अधीनस्थ कार्यालयों एवं संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय कार्यालयों को तदनुसार आवश्यक निर्देश विभागीय स्तर से जारी किये गए हैं।

---

## ग्वालियरी अग्रवाल समाज की

# प्रथम बैठक सुंदरकांड के साथ संपन्न



ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

ग्वालियरी अग्रवाल समाज मुरार की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 5 अगस्त बुधवार को गिर्राज मंदिर के समीप स्थित अग्रसेन भवन में सुंदरकांड पाठ के भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्नालाल गोयल, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष व चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त अध्यक्ष सुरेश बंसल, अग्रवाल महासभा के महामंत्री रवि गर्ग और चेंबर ऑफ कॉमर्स के मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी पारस जैन, राकेश मित्तल, नरेंद्र अग्रवाल (बोईसर वाले) और नवनियुक्त कोषाध्यक्ष नेमीचंद अग्रवाल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण और सुंदरकांड पाठ के साथ की गई। नवीन कार्यकारिणी की इस पहली बैठक में समाज हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई, जिस पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति जताई।इस अवसर पर ग्वालियरी अग्रवाल समाज मुरार के नवनियुक्त अध्यक्ष पदमचंद जैन सर्राफ ने समाज को संबोधित करते हुए कहा, ÷मैं समाज के हर व्यक्ति के साथ हर परिस्थिति में पूरी मजबूती से खड़ा रहूंगा।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को किया वर्चुअली संबोधित

# किसानों के खेतों से लेकर उनके खातों तक का ध्यान रख रही है: सीएम डॉ. यादव

भोपाल।अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषक कल्याण वर्ष में किसान हितैषी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ घर-घर तक पहुंचा रही है। हमारी सरकार ने किसानों के खेतों से लेकर उनके खातों तक का ध्यान रखा है। किसानों के खेतों में पानी, बिजली, खाद-बीज, कृषि यंत्र पहुंचाने के साथ-साथ उनके खातों में फसल बीमा, सम्मान निधि और ब्याज मुक्त ऋण की राशि तक पहुंचाई है। पिछली कैबिनेट में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कवच योजना को मंजूरी दी है। कवच योजना से ऐसे किसानों की चिंता दूर होगी, जिनके सहकारी खातों में पुरानी गड़बड़ियों और जांच में देरी के कारण उन्हें नया ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब ऐसे किसानों को मुख्य धारा में लाकर नया कृषि ऋण और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव बुधवार को नर्मदापुरम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मंत्रालय भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।



### सरसों और धान उपार्जन में भी मिलेगा भावांतर का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव किसानों के साथ संवाद का उत्सव है। अब तक 20 जिलों के 10 ऐसे आयोजन किए जा चुके हैं। नर्मदापुरम में यह 11वां बलराम कृषि महोत्सव है। खेत में दाना बोने से लेकर बाजार में दाम दिलवाने तक सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। गेहूं उत्पादक किसानों की चिंता हमने एमएसपी और बोनस के साथ रिकॉर्ड 104 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीद कर दूर की। सोयाबीन उत्पादक किसानों की चिंता भावांतर योजना ने दूर की। अब सरसों और धान को भी भावांतर योजना में शामिल किया है। पहली बार श्रीअन्न कोदो-कुटकी की एमएसपी पर खरीदी हुई और किसानों को बोनस भी मिला है। इसके साथ ही किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए पात्र किसानों से मूंग उपार्जन की सीमा 25 प्रतिशत से बढाकर 60 प्रतिशत की गई है।

### फलों के बाग और नर्सरी संचालन पर मिल रहा है अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अब 6-6 महीने के स्थान पर एक साल में खातों को पटलने की व्यवस्था लागू की है। खाते क्लियर करने के लिए 31 मार्च तक की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब किसान भाई जब पैसा हो, खाते में जमा कर सकते हैं।कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के साथ-साथ आधुनिक खेती, प्राकृतिक खेती और कृषि यंत्रों का विस्तार कर रही है। किसानों को कृषि से आय बढ़ाने का रोडमैप बताया जा रहा है।

### रेशम नगरी के रूप में प्रसिद्ध है नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम रेशम नगरी के रूप में भी प्रसिद्ध है। यहां उच्च गुणवत्ता का रेशम, शरबती गेहूं और बासमती चावल जिले की पहचान बन चुका है। यहां स्थित बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र सबसे तेज गति से विकसित हो रहा है। कटनी के पास लॉजिस्टिक्स पार्क बनेगा। पिपरिया और पचमढ़ी में स्थानीय रहवासियों के लिए कठिनाइयों का समाधान सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण को समर्पित है। कृषि वर्ष में किसानों के कल्याण के लिए गतिविधियां लगातार चलती रहेंगी। इस अवसर पर सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## त्र्यंबकेश्वर से जल आया

# नमक चमक सहस्त्रधारा रूद्राभिषेक की तैयारियां शुरू



ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

ग्वालियर में अधिक वर्षा एवं आर्थिक विकास ,शहरवासियों की सुख ,समृद्धि ,शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर सोमवार 10 अगस्त को दोपहर 12ः00 बजे , जमीन से प्रकट हुए 1008 शिवलिंग श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर , गेंडे वाली सड़क,राम कुई पर सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा पहली बार नमक चमक सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक होगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं मुख्य यजमान राजकिशोर शर्मा, यजमान डॉ जयवीर भारद्वाज, रामबाबू कटारे, जितेन्द्र ?राजौरिया, प्रकाश नारायण शर्मा, बीना भारद्वाज द्वारा पांच धार्मिक स्थलों से जल लाकर , पांच हजार लीटर जल से, शहद, दूध, दही, घी पंचामृत से वेल पत्री, फूल,वनोषधि से ÷नमक चमक सहस्त्रधारा रूद्राभिषेक ÷ एकादशी 11 ब्राह्मणों के साथ पंडित गिरिराज गुरुजी, पंडित ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री, पंडित पवन शास्त्री, के मुख्य आचार्यत्व में सम्पन्न होगा। त्र्यंबकेश्वर नासिक ब्रह्मगिरी पर्वत की तलहटी में प्रकट हुई गोदावरी नदी से सकल ब्राह्मण महासमिति की महिला अध्यक्ष बीना भारद्वाज, अनिता - विजय के नेतृत्व में त्र्यंबकेश्वर गोदावरी जल कलश मंगला एक्सप्रेस से लाया गया जिसका स्टेशन पर स्वागत सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज, संगठन मंत्री ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री, कार्यालय मंत्री देवेंद्र कुमार पाठक,कोषाध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित सहित अनेकों ने स्वागत किया।

### निशुल्क पंजीयन शुरू

सकल ब्राह्मण महासमिति के पदाधिकारी,आजीवन सदस्यों एवं निशुल्क पंजीयन कराने वाले को प्रकाश नारायण शर्मा,बीना भारद्वाज, संगीता शर्मा, डॉ मुन्नालाल शर्मा, योगेंद्र दीक्षित द्वारा अमृत जल शीशियों में प्रसाद के साथ 10 अगस्त को निशुल्क वितरित करेंगे। बीना भारद्वाज ने स्टेशन पर सभी को त्र्यंबकेश्वर महादेव का प्रसाद ग्रहण कराया। संचालन देवेंद्र कुमार पाठक,एच.बी.शर्मा ने किया। आभार योगेंद्र दीक्षित ने माना।

---

## ब्रह्माकुमारीज़ के 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारम्भ आज

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा संचालित ÷नशा मुक्त भारत अभियान÷ के अंतर्गत देशव्यापी 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारम्भ गुरुवार, 6 अगस्त 2026 को माधौगंज स्थित प्रभु उपहार भवन में किया जाएगा। यह अभियान 6 अगस्त से 20 अगस्त तक संस्था की पूर्व मुख्य प्रशाशिका दादी प्रकाशमणी के पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में पखवाड़े के रूप में चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य समाज को नशामुक्त बनाने हेतु जन-जागरूकता उत्पन्न करना तथा अधिक से अधिक लोगों को नशामुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाना है। केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी एवं राजयोग प्रशिक्षक बीके प्रहलाद भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान के द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय विभाग और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के संयुक्त प्रयास से पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि कल होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण कुशवाह, मंत्री, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (मध्यप्रदेश शासन) उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी कमिश्नर, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स, स्थानीय पार्षद तथा अन्य गणमान्य नागरिक, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी एवं संस्थान से जुड़े लोग कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8ः30 बजे से 10ः00 बजे तक प्रभु उपहार भवन, माधौगंज में होगा।

---

खास खबर

### बोन एंड जॉइंट वीक के तहत एसबीआई सिटी सेंटर शाखा में जागरूकता कार्यक्रम

# कमर व पीठ के दर्द से बचना है तो कुर्सी पर बैठने का तरीका बदलें

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

लंबे समय तक ऑफिस में बैठकर काम करने वाले लोगों के लिए सही कुर्सी और सही बैठने की मुद्रा बेहद जरूरी है। यदि बैठने के दौरान कुछ सामान्य बातों का ध्यान रखा जाए तो कमर दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल और जोड़ों की जकड़न जैसी समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। यह जानकारी ग्वालियर आर्थोपेडिक सोसायटी के अध्यक्ष एवं जीआर मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस बाजोरिया ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सिटी सेंटर शाखा में बोन एंड जॉइंट वीक के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक बैठकर काम करने के लिए रिवॉल्विंग (घूमने वाली) चेयर उपयुक्त नहीं होती। इसके स्थान पर फिक्स कुर्सी का उपयोग करना बेहतर है। उन्होंने बताया कि बैठते समय पीठ का कोण लगभग 90 डिग्री होना चाहिए, रीढ़ की हड्डी सीधी रहे और गर्दन को बार-बार झुकाने की आवश्यकता न पड़े। सही मुद्रा अपनाने से कमर और पीठ के दर्द के साथ-साथ सर्वाइकल और जोड़ों की जकड़न जैसी समस्याओं से बचाव संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ग्वालियर अंचल के उप महाप्रबंधक रमेश चंद्र यादव ने की। इस दौरान ग्वालियर आर्थोपेडिक सोसायटी के सचिव डॉ. आशीष दुबे ने स्पोर्ट्स इंज्यूरी से बचाव और उपचार की जानकारी दी। जीआर मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग के प्रोफेसर एवं सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव ने ऑस्टियोपोरोसिस के कारणों, जोखिम और बचाव के उपाय बताए। वहीं डॉ. वीरेंद्र गुप्ता ने जोड़ों एवं घुटनों के दर्द के कारणों और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर प्रकाश डाला।





### विशेषज्ञों ने सही बैठने की आदत और हड्डियों की सेहत पर दिए सुझाव

### इनका रहा सहयोग

सोसायटी के सह सचिव डॉ. मनीष बैरागी और डॉ. देवेश बांदिल ने आर्थराइटिस के लक्षण, कारण और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ग्वालियर अंचल भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ के अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला ने किया, जबकि आभार उप महासचिव विवेक रावत ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उप महासचिव शैलेष कुमार यादव, सह महासचिव बलवीर सिंह यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष रावत, सहायक महाप्रबंधक अनूप अग्रवाल सहित बैंक एवं सोसायटी के अनेक पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## नायब तहसीलदार सतेन्द्र तोमर निलंबित

**ग्वालियर :** बिना परीक्षण किए शासकीय भूमि का नामांतरण आदेश पारित करने और इसके बाद सक्षम अधिकारी से पुनर्विलोकन अनुमति प्राप्त किए बगैर आदेश निरस्त करना नायब तहसीलदार सतेन्द्र तोमर को भारी पड़ा है। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने इस अनियमितता पर उन्हें निलंबित कर दिया है। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने यह कार्रवाई कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका चौहान के प्रतिवेदन के आधार पर की है। प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया था कि पुरानी छावनी वृत के नायब तहसीलदार सतेन्द्र तोमर द्वारा ग्राम मऊ की शासकीय भूमि सर्वे क्र.-296/2 का नामांतरण आदेश पारित किया गया। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी से पुनर्विलोकन अनुमति प्राप्त किए बिना ही अपने आदेश को संशोधित कर दिया। मध्यप्रदेश राजस्व संहिता (एमपी एलआरसी) अथवा अन्य किसी भी विधान में क्षेत्राधिकार के बाहर जाकर कार्यवाही करना किसी भी पीठासीन अधिकारी के लिये अनुज्ञेय नहीं है। नायब तहसीलदार सतेन्द्र तोमर की शासकीय कार्य के प्रति पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही, कर्तव्यविमुखता एवं उदासीता सामने आने पर संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम के प्रावधानों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---


### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 07 वार्ड क्रं 02, स्थान बी-31, सूर्य नगर शब्द प्रताप आश्रम ग्वा0** मे स्थित है जो कि **दिनेश शर्मा/स्व. राजकुमार शर्मा** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **1280 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602023ए12565947 दिनांक 16.11.2023** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रैन बसेरा, **क्षे.क्र 07**, पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**श्रीमती मंजूलता त्रिपाठी/प्रवीण त्रिपाठी**
पता-सूर्य नगर शब्द प्रताप आश्रम ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 08 वार्ड क्रं 25, स्थान राम प्रसाद कॉलोनी नया संतर मुरार ग्वा0** मे स्थित है जो कि **श्रीमती लीला दुबे/तोताराम दुबे** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000293151** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **750 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र टप्पा तहसील मुरार, **क्षे.क्र 08**, पर दिनांक 28.07.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 66/2010/76850/76947** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**रतन शर्मा/रामेश्वर दयाल शर्मा, श्रीमती रानी शर्मा/रतन शर्मा**
पता-रामप्रसाद कॉलोनी नया संतर मुरार ग्वा0(म.प्र.), मो0-9074528991
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 08 वार्ड क्रं 18, स्थान एफ.एल-613, दीनदयाल नगर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **एम.पी हाउसिंग बोर्ड** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000122481** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **406.7 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-20012600100049** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र डी.डी नगर, **क्षे.क्र 08**, पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 65/2010/49512/49384** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**शिवराज सिंह बघेल/राजकुमार बघेल**
पता-दीनदयाल नगर ग्वा0(म.प्र.)
मो0-6264756197
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 15 वार्ड क्रं 34, स्थान कमल सिंह का बाग ग्वा0** मे स्थित है जो कि **फोदू/मुलुआ** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000108998** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 941 **वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गांधी मार्केट, **क्षे.क्र 15**, पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**रामप्रसाद वर्मन/श्री रामदयाल**
पता-कमल सिंह का बाग ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 01 वार्ड क्रं 04, स्थान 307, एम.के रेजीडेंसी, गालव नगर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **सतेन्द्र सिंह जादौन/महेन्द्र सिंह जादौन** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000305283** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **800 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602021ए11105252 दिनांक 28.12.2021** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहौडापुर, **क्षे.क्र 01**, पर दिनांक 05.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 60/2010/74726/74931** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**सीमा सचदेवा/नरेन्द्र सिंह**
पता-एम.के रेजीडेंसी गालव नगर ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 13 वार्ड क्रं 57, भवन क्रं 978, स्थान भास्कर लैन जयेन्द्रगंज ग्वा0** मे स्थित है जो कि **सुनील प्रताप सिंह जादौन/ भवर सिंह** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000152937** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **730 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-14072501010484 दिनांक 14.07.2025** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र मोतीमहल, **क्षे.क्र 13**, पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**श्रीमती मोनिका पावहा/विवेक पावहा**
पता-भास्कर लेन जयेन्द्र गंज ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 23 वार्ड क्रं 64, स्थान शंकरपुर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **रमेश चांदवानी** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1002162527** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **5000 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड पंजीयन क्रं एमपी142602021ए3935665 दिनांक 03.11.2021 मृत्युउपरान्त/वसीयत/उत्तराधिकार** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी, **क्षे.क्र 23**, पर दिनांक 05.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 86/2015/25476/25550** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**श्री अभिषेक चांदवानी/स्व. रमेश चांदवानी**
पता-लाला का बाजार लश्कर ग्वा0(म.प्र.)
मो0-9993939373
विज्ञप्ति जारी दिनांक-05.08.2026

48 घंटे की बारिश से जलभराव

# सडकों पर सैलाब: कलेक्टर ने लिया जायजा

## लगातार वर्षा के कारण जल भराव की स्थिति का कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने लिया जायजा

### जल निकासी की कार्रवाई तत्परता से करने के दिए निर्देश

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज़



ग्वालियर में पिछले 24 घंटों में हुई लगातार वर्षा के कारण जल भराव की स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के साथ शहर में निकलीं और अधिकारियों को जल भराव क्षेत्र से तत्काल जल निकासी के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि जहां भी जल भराव हो रहा है वहां अगर आवश्यकता है तो अस्थायी अतिक्रमण भी हटाने की कार्रवाई तत्परता से की जाए ताकि जल भराव की स्थिति न बन सके।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सूर्य नमस्कार तिराहे पर जल भराव की स्थिति का अवलोकन करते हुए निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि तत्परता से मशीनरी लगाकर जल निकासी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि यहां पर स्थायी समाधान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने भी मौके पर कार्य कर रहे निगम अमले को निर्देशित किया है कि जेसीबी एवं अन्य मशीनरी लगाकर जल निकासी की व्यवस्था तत्परता से की जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं नगर निगम संघ प्रिय ने यूनीपेच फैक्ट्री रोड, डीडी नगर क्षेत्र में भी भ्रमण कर जल भराव की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को जल निकासी की व्यवस्थायें तत्परता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अस्थायी अतिक्रमण के कारण जहां भी जल भराव की स्थिति बन रही है वहां से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी तत्परता से की जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि शहर में जल भराव की स्थिति को देखते हुए तत्परता से कार्रवाई हेतु जहां भी आवश्यकता है वहां निगम के संसाधन के साथ-साथ किराए से भी मशीनरी की आवश्यकता हो तो ली जाए ताकि सभी जगह से जल भराव की स्थिति का तत्परता से निराकरण हो सके।

#### कलेक्टर को पार्षद ने बताया

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने हरिशंकरपुरम कॉलोनी में भी जल भराव की स्थिति का अवलोकन किया। मौके पर उपस्थित स्थानीय पार्षद श्रीमती अर्पणा पाटिल ने कलेक्टर को बताया कि कॉलोनी में कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति है। निगम का अमला एवं मशीनरी निरंतर कार्य कर रही है।



### कई इलाकों में पानी, कोर्ट आने वाले परेशान

ग्वालियर में पिछले 48 घंटों से जारी मूसलाधार बारिश ने शहर की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। तेज बारिश के कारण शहर की पॉश शिव विहार कॉलोनी समेत कई इलाकों की सड़कों पर घुटनों से ऊपर तक पानी भर गया है। शिव विहार क्षेत्र में स्थित जिला न्यायालय (डिस्ट्रिक्ट कोर्ट) के आसपास जलभराव होने से वकीलों, पक्षकारों और आम लोगों को कोर्ट पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलभराव की यह समस्या हर साल बारिश के मौसम में पैदा होती है। कई घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान पूरी तरह खराब हो जाता है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है और दोपहिया व चारपहिया वाहन पानी में बंद हो रहे हैं। इसके अलावा सड़कों पर बने गड्ढे पानी में छिप जाने के कारण हादसों का खतरा भी काफी बढ़ गया है।बारिश का असर गोले का मंदिर चौराहा, नारायण विहार, डीडी नगर, रेलवे स्टेशन रोड, झांसी रोड, जयेन्द्रगंज, जगदीश नगर, दर्पण कॉलोनी, पीएचई कॉलोनी, निगम मुख्यालय के सामने, बाल भवन, फायर ब्रिगेड कार्यालय, नदी गेट और फूलबाग सहित अन्य इलाकों में भी देखने को मिला। इन सभी मुख्य मार्गों पर पानी भरने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और लोग घंटों लंबे जाम में फंसे रहे।

### बारिश के बीच नगर निगम अलर्ट मोड पर निगमायुक्त स्वयं पहुंचे सड़कों पर

जलभराव वाले क्षेत्रों का किया निरीक्षण, तत्काल जल निकासी के दिए निर्देश

शहर में लगातार हो रही बारिश के बीच नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम ग्वालियर पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बुधवार को शहर के विभिन्न जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त संघ प्रिय ने दीनदयाल नगर, गोले का मंदिर, सिटी सेंटर सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने जलभराव वाले स्थानों पर चल रहे राहत एवं जल निकासी कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के सभी चिन्हित जलभराव बिंदुओं पर संबंधित वरिष्ठ अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें तथा कहीं भी जलभराव की स्थिति बनने पर बिना विलंब तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। निगमायुक्त ने कहा कि वर्षा के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निगम के सभी अधिकारियों एवं मैदानी अमले को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र से जलभराव की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का निराकरण किया जाए।नगर निगम के अमले द्वारा शहर के विभिन्न जलभराव वाले स्थानों पर मड पंप, डी-वाटरिंग पंप, मशीनरी एवं पर्याप्त मैनपावर लगाकर तेजी से जल निकासी कराई गई। इसके साथ ही नालों एवं जल निकासी मार्गों की भी सतत निगरानी की जा रही है, जिससे वर्षा का पानी बिना किसी अवरोध के शीघ्र निकल सके।

आज पौधा,कल वृक्ष

# लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल का हरित संकल्प



ग्वालियर।अजयभारत न्यूज़

लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृंदावन गार्डन बी-ब्लॉक, समाधिया कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लॉयन सी.एस. तोमर रहे। इस अवसर पर लॉयन नितिन मांगलिकलॉयन सुधीर बाजपेई, चीफ एरिया लीडर लॉयन अजय सप्रा, लॉयन राजेश वाटवानी एवं लॉयन संजय नीखरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने 51 पौधों का रोपण किया तथा उनके वृक्ष बनने तक संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। अपने संबोधनों में अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण को समय की आवश्यकता बताते हुए लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल की इस पहल की सराहना की। चीफ एरिया लीडर लॉयन अजय सप्रा ने लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं लेने की घोषणा की। क्लब अध्यक्ष लॉयन अजय बत्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि क्लब भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के ऐसे सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक लॉयन जय किशन तोतलानी रहे, जबकि सफल संचालन क्लब सचिव लॉयन रोशन गावरा ने किया। अंत में सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### यह रहे साथ

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष लॉयन अमित अग्रवाल सहित लॉयन सुनील शर्मा, लॉयन मुकेश भोजवानी, लॉयन शैलेश माखीजानी, लॉयन जे. एस. गुप्ता, लॉयन दीपक पमनानी, लॉयन यशपाल बैस, लॉयन तालिब खान, डॉ. श्रीप्रकाश लोहिया, लॉयन विवेक सेठी, लॉयन मुकेश भाटिया, लॉयन गिरीश गावरा, लॉयन दुर्गेश चौरसिया, लॉयन सतीश भल्ला, लॉयन धनवंत अग्रवाल, लॉयन राजीव आगीचा, लॉयन अश्विन बंसल, लॉयन गगन भल्ला, डॉ. दुर्गेश साहू, लॉयन दीपक धमेजा, लॉयन अंशुल गुप्ता, लॉयन अरुण गुप्ता, लॉयन अभिषेक खुराना, लॉयन गलव सिंघल, लॉयन अनिल मलिक, लॉयन अमित आयलानी, लॉयन अनिल नागपाल, लॉयन मनोहर लाल भल्ला, लॉयन किशन खत्री, लॉयन नरेश तलूजा एवं लॉयन कुंजम बत्रा ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



### झांसी रोड पर सेटल हुई सीवर लाइन की ट्रेंच त्वरित मरम्मत के बाद यातायात पुनः बहाल

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज़

झांसी रोड पर हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के चलते सीवर लाइन की ट्रेंच सेटल होने की सूचना प्राप्त हुई है। जो कि विगत 48 घंटों से जारी लगातार बारिश के कारण ट्रेंच का लगभग 10 से 12 फुट का हिस्सा 1 से 1.5 फुट तक सेटल हो जाने पर विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए रेस्टोरेशन का काम शुरू कर दिया गया है और ट्रेंच को रिफिल कर सड़क को दोबारा वाहनों की आवाजाही के योग्य मोटरेबल बना दिया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि उक्त स्थल पर सड़क नहीं धसी है, क्योंकि अभी सड़क का निर्माण हुआ ही नहीं है और सड़क का निर्माण तभी होगा जब नैचुरल कॉम्पेक्शन हो जाएगा। कार्यपालन यंत्री नगर निगम ग्वालियर महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व स्थानीय निवासियों की सुविधा और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से झांसी रोड पर सीवर लाइन का निर्माण कराया गया था। सीवर लाइन निर्माण के पूरा होने के बाद से ही इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन लगातार जारी है। सड़क निर्माण की कार्यवाही लोक निर्माण विभाग द्वारा की जा रही है। सीवर लाइन जमीन से लगभग 6 मीटर की गहराई पर डाली गई है। बारिश के मौसम में इतनी गहराई वाली मिट्टी और ट्रेंच में सेटलमेंट की संभावना बनी रहती है। इसी कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।

# साइकिल चलाकर डॉक्टरों ने दिया स्वस्थ हड्डियों का संदेश

जीआरएमसी से फ्लैग प्वाइंट तक निकाली रैली,लोगों को बांटे जागरूकता पर्चे




ग्वालियर।अजयभारत न्यूज़

हड्डियों और जोड़ों को स्वस्थ रखने के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ग्वालियर आर्थोपेडिक सोसायटी ने साइकिल रैली और पैदल मार्च निकाला। जीआर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आरकेएस धाकड़ ने हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व सोसायटी के अध्यक्ष एवं जीआर मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस बाजोरिया और सचिव डॉ. आशीष दुबे ने किया। इसमें हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञों के साथ जूनियर डॉक्टर भी शामिल हुए। रैली जीआर मेडिकल कॉलेज से फ्लैग प्वाइंट तक निकाली गई। इस दौरान लोगों को नियमित साइकिल चलाने, व्यायाम करने और संतुलित जीवनशैली अपनाकर हड्डियों व जोड़ों को मजबूत रखने का संदेश दिया गया। साथ ही हड्डी एवं जोड़ संबंधी बीमारियों की रोकथाम से जुड़े जागरूकता पर्चों का वितरण भी किया गया।

### सीएमएचओ के निर्देश के बाद 5 तारीख को मिला वेतन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने जताया आभार

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज़

कई महीनों से वेतन भुगतान में हो रही देरी से परेशान संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को अब राहत मिलने लगी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एमएस सागर के निर्देश के बाद इस माह कर्मचारियों के खातों में 5 तारीख को ही वेतन पहुंच गया। इससे खुश होकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला ग्वालियर ने सीएमएचओ का आभार व्यक्त किया। संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुछ दिन पहले सीएमएचओ डॉ. एमएस सागर से मुलाकात कर वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी की समस्या से अवगत कराया था। कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें हर माह 10 तारीख के बाद वेतन मिलता था, जिससे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि संविदा कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह हर हाल में 3 से 5 तारीख के बीच जारी किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आदेशों की अवहेलना होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ के निर्देशों का असर इस माह देखने को मिला और 5 तारीख को ही कर्मचारियों के खातों में वेतन पहुंच गया। समय पर वेतन मिलने पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने इसे कर्मचारियों के हित में सराहनीय पहल बताते हुए सीएमएचओ डॉ. एमएस सागर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विजय भार्गव, डॉ. महेंद्र पिपरौलिया, एमएस खान, दत्तात्रेय कदरे, शिखा सहाय, कौशलेंद्र सोलंकी एवं सोनू मरैया सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




श्रावण की भक्ति अपने शिखर पर

### सातवें दिन भी 5100 से अधिक पार्थिव शिवलिंगों का हुआ निर्माण-पूजन

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

रोशनी घर, जयेंद्रगंज स्थित ऊर्जा सरकार मंदिर में श्रावण मास के उपलक्ष्य में आयोजित सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन एवं विसर्जन महोत्सव के सातवें दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 10 बजे से श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया, जबकि सायं 4 बजे से विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक, पूजन एवं विसर्जन संपन्न हुआ। सातवें दिन 5100 से अधिक पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं पूजन किया गया। सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित घनश्याम शास्त्री जी महाराज के पावन सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार, हर-हर महादेव और ? नमः शिवाय के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक एवं पूजन कर सुख, शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

### ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए टारगेट तय किए जाएः निगमायुक्त

ग्वालियर। जिन ट्रेड लाइसेंस का नवीनीकरण करना हैं उनके शत प्रतिशत लाइसेंस का नवीनीकरण करें। इसके साथ ही ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए प्रति सप्ताह टारगेट तय किए जाए। यह निर्देश बुधवार को निगम आयुक्त संघ प्रिय ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुये दिये। बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने वसूली एवं कार्य में लापरवाही पाए जाने पर एक कर संग्रहक जसवंत कुशवाहा को नोटिस तथा बिना सूचना अनुपस्थित पाये जाने पर दो कर संग्रहकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने लीज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देष दिए हैं कि जिन स्थानों के लीज का नवीनीकरण किया जाना है, उनका शीघ्र नवीनीकरण किया जाए। लीज प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर लिपिक ललित खटके को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक भवनों की जानकारी ली। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने पार्किंग की समीक्षा भी की। शहर में चिन्हित 31 पार्किंग हैं, इनमें से 7 का ठेका दिया गया है, जबकि 8 पार्किंग का संचालन नगर निगम के द्वारा किया जाता है।

खास खबर

महिलाओं ने हरियाली तीज पर राजपूतानी कैटवॉक के साथ किया डांस

# जैन मिलन महिला सिटी सेन्टर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह व हरियाली तीज का आयोजन

राजपूताना के सोलह श्रृंगार कर रंग-बिरंगी चुनरी परिधान में सम्मिलित हुई

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज़







जैन मिलन महिला सिटी सेन्टर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह व हरियाली तीज कार्यक्रम आज चेतकपुरी साइंस कॉलेज स्थित होटल सुख सागर में आयोजित किया गया। जिसमे नवीन टीम 2026 -27 की नवीन कार्यकारिणी नवीन अध्यक्ष सत्य शालिनी जैन, सचिव शीतल जैन, कोषाध्यक्ष अंजना जैन सहित टीम को विधिपूर्वक शपथ। वही महिलाओं ने राजस्थानी राजपूताना परिधान में सम्मिलित होकर हरियाली तीज का भी कार्यक्रम आयोजित किया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय प्रचार अध्यक्ष राजेश जैन बंटी थे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीला टोंग्या, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अनिता जैन, शपथ अधिकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन, मंत्री कमलेश जैन ओर क्षेत्रीय संयोजिका संजू जैन एवं संस्थापक अध्यक्ष शालू जैन मौजूद रही।


#### हरियाली क्वीन अर्पिता जैन बनी

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र आवरण एवं दीप प्रज्वलित कमलेश जैन एवं अतिथियों ने सामूहिक रूप से किया। संस्था का परिचय व स्वागत उद्बोधन शाखा की संस्थापक अध्यक्ष शालू जैन ने प्रस्तुत किया।हरियाली डांस नीलम जैन द्वारा किया गया एवं महावीर वंदना शैलजा जैन द्वारा की गई। साथ ही मंगलाचरण अंजना जैन द्वारा किया गया। वही हरियाली तीज पर राजपूतानी कैटवॉक का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाली क्वीन अर्पिता जैन और स्वाति जैन को बनाया गया सभी को उपहार देकर उनका प्रोत्सान बढ़ाया गया। संचालन सारिका जैन ने किया।

#### नवीन पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की गई

शपथ अधिकरी महेंद्र जैन ने नवीन अध्यक्ष सत्य शालिनी जैन, सचिव शीतल जैन, कोषाध्यक्ष अंजना जैन, उपाध्यक्ष नीलम जैन, उपसचिव पूर्वी जैन, ग्रीटिंग मंत्री रूचि जैन, धार्मिक मंत्री मंजू जैन, सामाजिक मंत्री नीतू जैन सहित कार्यकारणी को विधि पूर्वक शपथ ग्रहण कराई गई।

## आज का विचार



परमाणु हथियारों की होड़ मानवता के खिलाफ एक अपराध है। दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठाने वाले वैज्ञानिक और राजनेता कभी चैन से नहीं सो पाएंगे, यदि वे मानवता के इस नरसंहार को अपनी आँखों से देख लें।

■ अटल बिहारी वाजपेयी



शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है; यह एक ऐसा माहौल है जहाँ हर इंसान बिना किसी डर के, गरिमा के साथ जी सके। परमाणु हथियार इस गरिमा को पल भर में छीन लेते हैं।

■ नेल्सन मंडेला

## सम्पादकीय

# उपचुनाव: संकेत साफ है कि...?

**हालिया विधानसभा उपचुनाव के नतीजों की तस्वीर साफ है कि जनता ने सत्ताधारी दल को झटका दिया है। मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार कुंवर घनश्याम सिंह ने भाजपा के आशुतोष तिवारी को हराया, वहीं बिहार की बांकीपुर सीट पर प्रशांत किशोर ने जीत दर्ज की।बड़ा संकेत साफ़ है कि भाजपा का अति आत्म विश्वास या बदलती तस्वीर तीन अगस्त को तीन राज्यों के तीन नतीजे बहुत बड़े संकेत हैं। निश्चित रूप से बिहार का नतीजा जहाँ सत्ताधारी दल के लिए हैरान और परेशान करने वाला रहा। वहीं मध्यप्रदेश का नतीजा सत्ताधारी दल की अन्दरूनी गुटबाजी का परिणाम रहा। गुजरात में भाजपा की जीत स्वाभाविक कही जा सकती है। सबसे चर्चित जीत रही प्रशान्त किशोर उर्फ पीके की, क्योंकि राज्य की जनता को विकल्प के तौर पर एक नया दल जनसुराज जो मिल गया। पहले बिहार वासियों के पास दो ही विकल्प थे। राजद और भाजपा।**

राजद से मोहभंग हो गया था और पीके मतदाताओं के बीच अपनी जगह बनाने की कवायद कर रहे थे। हालाकि बीते विधानसभा चुनाव में उनका एक भी प्रत्याशी नहीं जीता और वो खुद चुनाव में खड़े नहीं हुए। लेकिन बिहार की नब्ज को टटोलते रहे। इसी बीच नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी बांकीपुर सीट खाली हुई जो पीके लिए मौके पर चौका लगाने जैसा रहा। हाँ, उन्होंने छक्का जरूर जड़ दिया ये बात अलग है। बांकीपुर सीट पटना के शहरी इलाके की है जिसे शुरू से ही भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता रहा। इस नतीजे ने न केवल यह मिथक तोड़ा बल्कि भाजपा में खलबली मचा दी। माना जा रहा है कि पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधलियों के चलते युवाओं की नाराजगी और जंतर-मंतर पर चले लंबे आन्दोलन ने भी भाजपा की छवि पर डेन्ट लगाया। इधर भाजपा अति आत्मविश्वास में थी और यह समझने में नाकाम रही कि हवा हमेशा एक ही दिशा में नहीं बहती। चंदा चोरी और जेन-जी आन्दोलन के बीच भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारक उतार दिए। लेकिन राजद के चार सांसद तक बांकीपुर नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव तो विदेश चले गए जिन्होंने आखीर-आखीर में रोड शो किया। लेकिन तब तक बांकीपुर के मतदाताओं को यह समझना आसान हो गया कि तेजस्वी यादव और राजद अपने उम्मीदवार को लेकर गंभीर नहीं है। संकेत साफ रहा मतदाता को कहीं और शिफ्ट होना था। विकल्प के तौर पर पढ़ा लिखा, राजनीति को समझने-जानने वाले रणनीतिकार के रूप में पीके का नाम था इसलिए ज्याद सोचने-समझने के बजाए बिहार और देश के हालातों को देखते हुए मतदाताओं ने इस छोटे से चुनाव में बड़ा संदेश दे दिया। भाजपा को नुकसान पहुंचाने में भरत तिवारी एनकाउंटर मामला भी माना जा रहा है। इस एनकाउंटर ने न केवल युवाओं बल्कि खुल कर भाजपा के सवर्ण विरोधी होने को जबरदस्त हवा दी। भाजपा के तमाम जिम्मेदारों और रणनीतिकारों ने भाजपा विरोधी माहौल को थामने और बदलने की कोशिश की पर यह हो न सका। अंततः जीत भाजपा के हाथ से निकल गई और कई दशकों से भाजपा की परंपरागत कहलाने वाली बांकीपुर और राष्टीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कारण अतिप्रतिष्ठित हुई सीट हाथ से निकल गई। अब बिहार की राजनीति को समझने वाले यह कह रहे हैं कि पीके भाजपा सरकार, विशेषकर सम्राट चौधरी के लिए सदन के अन्दर भी और बाहर भी मुश्किलें बढ़ाएंगे क्योंकि ब उनका मकसद सिर्फ विधायकी नहीं बल्कि अपनी पार्टी को बिहार में नया मुकाम जो देना है। कमोवेश यही स्थिति मध्यप्रदेश के दतिया में रही। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में दतिया से नरोत्तम मिश्रा की हार के बाद भाजपा के अन्दरूनी हलकों में कहीं खुशी, कहीं गम का माहौल था। लेकिन वहां से चुने गए कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषी ठहराए जाने और सजा हो जाने के बाद अप्रैल में अयोग्य घोषित कर दिए जाने से हुए उपचुनाव में घनश्याम सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़कर सीट को बरकरार रखा। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा बिना चुनाव लड़े मुश्किल नरोत्तम मिश्रा की हुई। जिन्होंने चुनाव से काफी पहले ही प्रचार और जनसंपर्क बढ़ा दिया था। लेकिन ऐन वक्त पर उन्हें टिकट नहीं मिली। जिस कारण यह सीट बहुत ही बड़ी प्रतिष्ठा का कारण बन गई। नरोत्तम मिश्रा की स्थिति न उगल पाने, न निगल पाने जैसी हो गई। यदि यहाँ से भाजपा जीतती तो उनका राजनीतिक कद घटता और अब काँग्रेस जीत गई है तो भी उनके राजनीतिक भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। निश्चित रूप से नरोत्तम मिश्रा का कद देखते हुए उनकी मंशा और उनके समर्थक इस मतदान के दौरान किस निर्णय पर पहुंचे होंगे, कहने की जरूरत नहीं।

## आज का चिंतन

# भक्ति का अर्थ परमात्मा की सेवा

भौतिक जगत के विश्लेषणात्मक अध्ययन (सांख्य) का उद्देश्य आत्मा को प्राप्त करना है। भौतिक जगत की आत्मा विष्णु या परमात्मा है। भगवान की भक्ति का अर्थ परमात्मा की सेवा है। एक विधि से वृक्ष की जड़ खोजी जाती है और दूसरी विधि से उसको सींचा जाता है।



सांख्य दर्शन का वास्तविक छात्र जगत के मूल अर्थात विष्णु को ढूंढता है, और फिर पूर्णज्ञान समेत अपने को भगवान की सेवा में लगा देता है। अतः मूलतः इन दोनों में कोई भेद नहीं है क्योंकि दोनों का उद्देश्य विष्णु की प्राप्ति है। जो लोग चरम उद्देश्य को नहीं जानते, वे ही कहते हैं कि सांख्य और कर्मयोग एक नहीं है। किंतु जो विद्वान है, वह जानता है कि इन दोनों भिन्न विधियों का उद्देश्य एक है। दार्शनिक शोध (सांख्य) का वास्तविक उद्देश्य जीवन के चरम लक्ष्य की खोज है। चूंकि जीवन का चरम लक्ष्य आत्म-साक्षात्कार है, अतः दोनों विधियों से प्राप्त होने वाले परिणामों में कोई अन्तर नहीं है।

## माय ओपीनियन



■ राकेश सक्सेना

# हिरोशिमा दिवस: जली लाशों और मलबे में बदल गया था हिरोशिमा

6 अगस्त 1945 को, एक अमेरिकी बी-29 बमवर्षक विमान ने जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराया। इस बमबारी में लगभग 80,000 लोग तुरंत मारे गए और हजारों अन्य विकिरण के संपर्क में आने से बाद में मर गए। यह पहली बार था जब परमाणु बम का प्रयोग किया गया था। तीन दिन बाद, एक दूसरे बी-29 विमान ने नागासाकी पर एक और परमाणु बम गिराया। इससे 40,000 और लोग मारे गए। इन दो बमबारी के कारण जापान को 15 अगस्त को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बिना शर्त आत्मसमर्पण की घोषणा करनी पड़ी।

जापान 6 अगस्त को हिरोशिमा दिवस मनाता है ताकि उस विनाशकारी बम की भयावहता के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके जिसे उसके सम्राट हिरोहितो ने 'एक नया और सबसे क्रूर बम' बताया था। यह दिन दुनिया को यह भी याद दिलाता है कि भविष्य में और अधिक विश्व युद्धों और विनाश से बचने के लिए 'शांति की राजनीति' कितनी आवश्यक है।

6 अगस्त की सुबह, एनोला गे नामक बी-29 बमवर्षक विमान ने 12-15 किलोटन टीएनटी की ताकत से हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया, जिसे 'लिटिल बॉय' नाम दिया गया था। हिरोशिमा टोक्यो से लगभग 500 मील दूर स्थित 350,000 से अधिक लोगों का एक औद्योगिक केंद्र था। इस विस्फोट ने शहर के पांच वर्ग मील क्षेत्र को तुरंत नष्ट कर दिया। विमान ने स्थानीय समयानुसार सुबह 8:15 बजे पैराशूट से बम गिराया और यह शहर से 2,000 फीट ऊपर फटा। यह वह समय था जब अधिकांश औद्योगिक कर्मचारी काम पर आ चुके थे या रास्ते में थे। बच्चे स्कूल जा रहे थे और कुछ तो स्कूल पहुंच भी चुके थे।

बम से हुई तबाही के बावजूद जापान ने आत्मसमर्पण नहीं किया। 9 अगस्त को अमेरिका ने एक और बी-29 विमान, बॉकस्कर, कोकुरा शहर के प्राथमिक लक्ष्य की ओर भेजा। हालांकि, कोकुरा के ऊपर घने बादलों के कारण पायलट, मेजर चार्ल्स स्वेनी, बम नहीं गिरा सके। इसलिए वे द्वितीयक लक्ष्य, नागासाकी, जो पहाड़ों के बीच बसा था, की ओर उड़े। उन्होंने सुबह 11:02 बजे 'फैट मैन' बम गिराया। यह प्लूटोनियम बम हिरोशिमा में इस्तेमाल किए गए बम से कहीं अधिक शक्तिशाली था। इसने 22 किलोटन का विस्फोट किया।

नागासाकी बमबारी के छह दिन बाद, 15 अगस्त को, सम्राट हिरोहितो ने रेडियो प्रसारण में जापान के आत्मसमर्पण की घोषणा की। आत्मसमर्पण के औपचारिक समझौते पर 2 सितंबर को टोक्यो खाड़ी में लंगर डाले अमेरिकी युद्धपोत मिसौरी पर हस्ताक्षर किए गए।चूंकि दोनों शहरों में अधिकांश बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया था, और उसके बाद मची अराजकता के कारण, दोनों बम विस्फोटों में मरने वालों की वास्तविक संख्या कभी पता नहीं चल पाई।



> द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जापानी लड़ाकू विमानों ने आत्मघाती हमलों की रणनीति अपनाई और पायलटों ने अमेरिकी युद्धपोतों पर सीधा हमला करने के लिए आत्मघाती मिशन को अंजाम दिया। ऐसे हमलों से और अधिक नुकसान को रोकने और जापान को पीछे हटने के लिए मजबूर करने के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने युद्ध के इतिहास में सबसे विनाशकारी हथियारों में से एक के उपयोग को अधिकृत किया। हिरोशिमा को लक्ष्य के रूप में इसलिए चुना गया क्योंकि अमेरिका न केवल जापान को घुटने टेकने पर मजबूर करना चाहता था, बल्कि आने वाले वर्षों तक युद्ध लड़ने की उसकी क्षमता को भी समाप्त करना चाहता था।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जापानी लड़ाकू विमानों ने आत्मघाती हमलों की रणनीति अपनाई और पायलटों ने अमेरिकी युद्धपोतों पर सीधा हमला करने के लिए आत्मघाती मिशन को अंजाम दिया। ऐसे हमलों से और अधिक नुकसान को रोकने और जापान को पीछे हटने के लिए मजबूर करने के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने युद्ध के इतिहास में सबसे विनाशकारी हथियारों में से एक के उपयोग को अधिकृत किया। हिरोशिमा को लक्ष्य के रूप में इसलिए चुना गया क्योंकि अमेरिका न केवल जापान को घुटने टेकने पर मजबूर करना चाहता था, बल्कि आने वाले वर्षों तक युद्ध लड़ने की उसकी क्षमता को भी समाप्त करना चाहता था। उस समय जापान का सातवां सबसे बड़ा शहर हिरोशिमा द्वितीय सेना का मुख्यालय था और यहाँ रणनीतिक सैन्य आपूर्ति डिपो स्थित थे।

इस वर्ष जब ओलंपिक खेल जापान में आयोजित हो रहे हैं, हिरोशिमा के मेयर काजुमी मात्सुई ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख को पत्र लिखकर हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष्य में एक मिनट का मौन रखने का अनुरोध किया था। लेकिन रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईओसी 6 अगस्त को खेलों के दौरान एक मिनट का मौन रखने का आह्वान करने की योजना नहीं बना रहा है, बल्कि समापन समारोह के दौरान इसका सम्मान करने का लक्ष्य रख रहा है।

छह अगस्त 1945 को जो लोग भी हिरोशिमा में थे वो या तो मारे जा चुके थे और जो बच गए उन पर रेडियो विकिरण का असर हुआ।ये एक ऐसा असर था जो कि आने वाली पीढ़ियों पर भी दिखाई देने वाला था।'लिटिल बॉय' जब हिरोशिमा के वायुमंडल में फटा तो 13 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में तबाही फैल गई थी। शहर की 60 फीसदी से भी अधिक इमारतें नष्ट हो गई थीं।उस समय जापान ने इस हमले में मरने वाले नागरिकों की आधिकारिक संख्या एक लाख 18 हज़ार 661 बताई थी।बाद के अनुमानों के अनुसार, हिरोशिमा की कुल तीन लाख 50 हज़ार की आबादी में से एक लाख 40 हज़ार लोग इसमें मारे गए थे।इनमें सैनिक और वे लोग भी शामिल थे जो बाद में परमाणु विकिरण की वजह से मारे गए।बहुत से लोग लंबी बीमारी और अपंगता के भी शिकार हुए।

## फोकस




■ -प्रो. आर के जैन 'अरिजीत'

# मैम, मुझे आपके बाल बहुत पसंद हैं.. और सब कुछ बदल गया

कुछ फैसले दिमाग में नहीं, मनुष्यता की भीगी तहों में जन्म लेते हैं। वे तर्क से नहीं, अनदेखे दर्द की प्रतिध्वनि से आकार लेते हैं और फिर एक जीवन नहीं, असंख्य संवेदनाओं का अर्थ बदल देते हैं। ऐसा ही एक क्षण मध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और वर्तमान में सिंगरौली नगर निगम की आयुक्त (कमिश्नर) सविता प्रधान के जीवन में आया। सोशल मीडिया पर अंतिम चरण से जूझ रही एक बच्ची की सहज पंक्ति, मैम, मुझे आपके बाल बहुत पसंद हैं, इन सात शब्दों ने वर्षों से बंद स्मृतियों के द्वार खोल दिए। उनकी माँ तीन बार कैंसर से लड़ी थीं। कीमोथेरेपी के बाद सिर का सूनापन, आईने में अपरिचित चेहरा और भीतर चुपचाप दरकता आत्मसम्मान—यह सब उनके लिए सुनी नहीं, जी हुई सच्चाइयाँ थीं। इसलिए वह वाक्य प्रशंसा नहीं, पीड़ा की मौन पुकार था, जिसने पहले उनके अंतर्मन को भिगो दिया।

मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान वह नहीं होती, जिसे वह अपने पास रखता है; वह होती है, जिसे वह बिना हिचक किसी और के लिए छोड़ देता है। दो दिन बाद जब सविता प्रधान के लंबे बाल ज़मीन पर गिरे, तब केवल केश नहीं कटे, बाहरी सौंदर्य का अदृश्य मुकुट भी उतर गया। उन्हीं बालों से बनी विग उस बच्ची तक पहुँची, जिसके लिए आईना अब तक बीमारी का दूसरा नाम था। सविता प्रधान ने सार्वजनिक रूप से लिखा कि असली सुंदरता बालों, आभूषणों या बाहरी आडंबर में नहीं, आत्मविश्वास में बसती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे बिना झिझक इसी रूप में कार्यालय जाएँगी। उस दिन उनका साफ माथा केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं रहा; वह पूरे शहर के सामने मौन संदेश बन गया, जिसने बता दिया कि स्वेच्छा से किया गया त्याग उपदेश नहीं, प्रेरणा बन जाता है।

जीवन की सबसे अनमोल पूँजी सुख नहीं, वह पीड़ा है जो मनुष्य को दूसरों के



आँसू पढ़ना सिखा देती है। सविता प्रधान की यात्रा सहज नहीं थी। बाल विवाह की अँधेरी गलियों से निकलकर उन्होंने घरेलू हिंसा की यातनाएँ झेली थीं। जीवन ने उन्हें बार-बार गिराया, पर हर बार वे अधिक दृढ़ होकर उठीं। मध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा तक पहुँचना केवल प्रतियोगी परीक्षा में सफलता नहीं था; वह टूटे आत्मविश्वास के पुनर्जन्म का इतिहास था। शायद इसी कारण वे समझ सकीं कि रोशनी का अर्थ केवल स्वयं प्रकाशित होना नहीं, बल्कि किसी और के अँधेरे में अपनी लौ पहुँचा देना भी है। तभी एक बच्ची की पीड़ा उन्हें अपनी पीड़ा से अलग नहीं लगी; वही साझा दर्द करुणा बनकर उनके निर्णय में उतर आया।

समाज की सबसे बड़ी विडंबना यह नहीं कि लोग बुराई पर विश्वास कर लेते हैं; विडंबना यह है कि उन्हें अच्छाई पर भरोसा नहीं होता। सविता प्रधान का बदला हुआ रूप सामने आते ही सवाल उठने लगे—क्या परिवार में कोई शोक हुआ है? क्या कोई निजी संकट है? क्या इसके पीछे कोई छिपा कारण है? उन्होंने सहजता से कहा कि सब कुछ कुशल-मंगल है और यह कदम पूरी तरह उनकी अपनी इच्छा का है। उनका उत्तर केवल अफवाहों का खंडन नहीं था; उसने उस सोच को भी बेनकाब कर दिया, जो हर सद्भावना में स्वार्थ तलाशती है। उन्होंने शब्दों से नहीं, अपने आचरण से सिद्ध किया कि करुणा को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती।

हर दिन दफ्तरों के दरवाज़े खुलते हैं, लेकिन बहुत कम दिनों में किसी दिल का दरवाज़ा खुलता है। जिस दिन ऐसा होता है, व्यवस्था कागज़ों से निकलकर इंसानियत की भाषा बोलने लगती है। सविता प्रधान का बदला चेहरा भी हर सुबह मौन संदेश बनकर कार्यालय पहुँचा होगा। उन्होंने अपने कर्मों से बता दिया कि अधिकारी केवल नियमों और फाइलों के लिए नहीं होते; वे उन अनदेखे आँसुओं के लिए भी होते हैं, जो किसी सरकारी दस्तावेज़ में दर्ज नहीं होते। एक छोटी बच्ची की मासूम इच्छा ने प्रशासन और समाज के बीच खड़ी कठोर दीवार में संवेदना की ऐसी दरार बना दी, जहाँ से दया, अपनापन और विश्वास की रोशनी भीतर उतर आई। उसी क्षण पद का वैभव पीछे छूट गया और मनुष्यता सबसे आगे खड़ी दिखाई दी।

जीवन की सबसे बड़ी विरासत संपत्ति नहीं, संवेदना होती है। जो मनुष्य अपने दर्द को दूसरों के आँसू पोंछने की शक्ति बना लेता है, समय उसके लिए अलग इतिहास लिखता है। सविता प्रधान की माँ का तीन बार कैंसर से संघर्ष, स्वयं उनका कठिन जीवन और फिर एक अनजान बच्ची के लिए अपने बाल समर्पित कर देना—ये तीनों घटनाएँ अलग-अलग नहीं हैं। ये एक ही जीवन-दर्शन के सूत्र हैं, जो बताते हैं कि पीड़ा यदि मनुष्य को कठोर न बनाए, तो वही उसे असाधारण बना देती है। चरित्र वही है, जो परिस्थितियों के थपेड़ों से नहीं बदलता; जो बाल कट जाने पर भी कम नहीं होता और पद छूट जाने पर भी समाप्त नहीं होता।

### सबसे उजला क्षण

मनुष्यता का सबसे उजला क्षण वह होता है, जब कोई अपना सबसे प्रिय किसी अनजान की उम्मीद के नाम कर देता है। सविता प्रधान का निर्णय भी ऐसा ही क्षण है। यह केवल एक बच्ची के चेहरे पर मुस्कान लौटाने की घटना नहीं, बल्कि पूरे तंत्र के सामने रखा आईना है, जिसमें व्यवस्था अपना मानवीय चेहरा देख सकती है। नियम आवश्यक हैं, लेकिन संवेदना उससे भी अधिक। कागज़ निर्णय लिख सकते हैं, किसी टूटे मन में जीने का साहस नहीं।

## यदि जन्म से छह महीने तक शिशु को स्तनपान कराया जाए तो मृतक शिशुओ की संख्या 8 लाख तक कम की जा सकती है...

## विश्लेषण



■ - मुकेश तिवारी

# दुनिया में 60% शिशु माँ के दूध से वंचित

यूनिसेफ के आंकड़ों पर गौर करने से ही स्पष्ट हो जाता है कि दुनिया के तकरीबन 75 करोड़ नवजात शिशु अथवा हर दो में से एक नवजात शिशु को मां का दूध पहले एक घंटे में उपलब्ध नहीं हो पता है। यही कारण है यह आंकडा शिशु मृत्यु दर के लिए बेहद अहम है। यूनिसेफ के मुताबिक 2 से 23 घंटे तक माँ का दूध नहीं मिलने से बच्चे के जन्म से 28 दिनों के भीतर मृत्यु दर का आंकड़ा 40 फीसदी होता है। जबकि जन्म के 24 घंटे बाद भी दूध न मिलने से मृत्यु दर का यही आंकडा बढकर 80 प्रतिशत तक पहुँच जाता है।

यूनिसेफ के अनुसार यदि जन्म से छह महीने तक शिशु को स्तनपान कराया जाए तो मृतक शिशुओ की संख्या 8 लाख तक कम की जा सकती है। उक्त रिसर्च पिछले 15 बषो के आधार पर तय की गई है। भारत में छोड़ जहाँ नवजात शिशुओं को माँ का



दूध न मिल पाने का औसत 45 फीसदी तक है।

हिन्दुस्तान की राजधानी दिल्ली में 2016 में माँ के दूध का पहला बैंक खोला गया। दिल्ली के ग्रेटर कैलाश के फोटिश ला फेम हॉस्पिटल ने स्वयं सेवी संस्था बेस्ट मिल्क फाउंडेशन के साथ मिलकर एक अनूठी पहल की है। इस हूमन मिल्क बैंक का नाम अमारा रखा गया है। जहाँ सिर्फ 60 दिनों के भीतर 80 लीटर से ज्यादा न ब्रेस्ट मिल्क एकत्रित किया गया। इससे पहले राजस्थान के उदयपुर जिले के आरएनटी मेडिकल कालेज स्थित शासकीय पन्ना धाय महिला चिकित्सालय के एक हिस्से में योग गुरु की स्वयंसेवी संस्था ने दिव्य मदर मिल्क बैंक की स्थापना की। इसी तरह दिव्य मदर मिल्क बैंक की तर्ज पर ही राज्य की राजधानी जयपुर के जे के लोन अस्पताल में चल रहे महिला चिकित्सालय में प्रदेश सरकार और नॉवे सरकार की भागीदारी से जीवनधारा नाम का मदर मिल्क बैंक खोला गया है जो राजस्थान का प्रथम सरकारी और उत्तर भारत का दूसरा मदर मिल्क बैंक है। अब तक हिन्दुस्तान भर में दो दर्जन से ज्यादा ब्रेस्ट मिल्क डोनर्स सेन्टर पिछले एक साल में खुल चुके हैं।

मुम्बई के लोकमान्य तिलक म्युनिसिपल जनरल अस्पताल में 1989 में स्थापित किए गए एशिया के सबसे पहले हामन मिल्क बैंक स्नेह को अब सायन मिल्क बैंक के नाम से जाना जाता है। यहाँ की निदेशिका का कहना है माँ का दूध तो शिशु का सवोतम आहार है ही लेकिन कई बार उच्च रक्तचाप ,अधिक रक्तस्राव या तेज बुखार के चलते माँ शिशु को दूध नहीं पिला पाती है।

## बात आपके काम की...

# एक दूसरे के लिए भी समय निकालें

रिश्ते को मजबूत बनाने में प्यार और विश्वास का होना बहुत जरूरी है। पति-पत्नी में प्यार ही उनकी शादीशुदा जिदंगी को आगे बढ़ने में मदद करता है लेकिन जब शादी को काफी साल बीत जाते हैं तो रिश्ते में से प्यार खत्म होने लगता है। शादी के कुछ सालों बाद बच्चों की देखभाल और बाहर का काम करने में दोनों इतने व्यस्त हो जाते हैं कि एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते जिससे रिश्ते में दूरियां आ जाती हैं और छोटी-मोटी बात पर भी झगड़े होने लगते हैं। ऐसे में पति को खुश करने के लिए और रिश्ते में दोबारा प्यार जगाने के लिए कुछ तरीके अपना सकते हैं।वैसे तो आजकल इंटरनेट का जमाना है और हर बात मोबाईल के जरिए दूसरों तक



आसानी से पहुंचाई जा सकती है लेकिन आप कुछ अलग करके पति को खुश कर सकती हैं। ऐसे में पति के लिए लव लैटर लिखें और उनके लंच बॉक्स में रख दें। जिसे पढ़कर वह खुश हो जाएंगे।

**आप भी आमंत्रित** | सम्पादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। आप अपने विचार इस पेज के जरिए अभिव्यक्त कर सकते हैं। अपने विचार-लेख, रचनाएं, पत्र हमें इस ईमेल पर भेजें- ajaybharatmorena@gmail.com

संपादकीय पेज पर प्रकाशित सामग्री पर संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।

# नगर पालिका में दूसरे दिन भी धरने पर डटे रहे पार्षद

## दो घंटे की वार्ता भी नहीं सुलझा सकी गतिरोध, लिखित आश्वासन पर अड़े



अम्बाह।अजयभारत न्यूज

नगर पालिका परिषद अम्बाह में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं और शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार से शुरू हुआ कांग्रेसी एवं निर्दलीय पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को दूसरे दिन भी नगर पालिका परिसर में जारी रहा। मंगलवार को दिनभर धरना देने के बाद पार्षद पूरी रात नगर पालिका परिसर में ही डटे रहे। बुधवार सुबह सिविल अस्पताल की मेडिकल टीम ने मौके पर पहुंचकर धरना पर बैठे पार्षदों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके बाद दोपहर लगभग 2 बजे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शारिब कौसर ने नगर पालिका परिसर में धरना स्थल पर पार्षदों से चर्चा की। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के बावजूद कोई सहमति नहीं बन सकी और धरना जारी रहा।

बुधवार को अम्बाह विधायक देवेंद्र रामनरायण सखवार भी नगर पालिका परिसर पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि जब जनता के चुने हुए पार्षदों को अपनी ही नगर पालिका में जनहित के मुद्दों को लेकर धरने पर बैठना पड़ रहा है, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने नगर पालिका के विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने और सभी लंबित जनसमस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने की मांग की।

धरने पर बैठे पार्षदों ने नगर पालिका में 10 हजार से 99 हजार रुपये तक के सभी विकास कार्यों की फाइलों, बिल-वाउचर एवं भुगतान अभिलेखों की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग दोहराई। उनका कहना है कि जांच होने से विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।

इसके साथ ही पार्षदों ने शहर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग भी रखी। इनमें सीसी सड़क एवं नालों के निर्माण के लंबित टेंडर जारी करना, जलभराव वाले क्षेत्रों में मिट्टी डलवाना, नालियों की नियमित सफाई, वार्डों से समय पर कचरा उठाना, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराना, वार्ड क्रमांक 17 में पार्क निर्माण, विस्मिल पार्क का जीर्णोद्धार, उखड़ी हुई पेवर ब्लॉक सड़कों की मरम्मत, नगर पालिका कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, सुलभ शौचालयों का निर्माण, मच्छररोधी दवा का नियमित छिड़काव, लंबित पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण तथा लगभग एक वर्ष से बंद राजस्व नामांतरण प्रक्रिया को तत्काल शुरू करने की मांग शामिल रही।

करीब दो घंटे चली वार्ता में एसडीएम प्रतिज्ञा शर्मा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शारिब कौसर ने पार्षदों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जायेगी तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जायेगा। लेकिन पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें केवल मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं है। उनका कहना था कि पूर्व में भी कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन उनका पालन नहीं हुआ। इसलिए इस बार वे सभी बिंदुओं पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद ही धरना समाप्त करेंगे।

धरने पर बैठे पार्षदों का कहना था कि उनका आंदोलन किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन उनकी मांगों पर लिखित निर्णय नहीं देता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना नगर पालिका परिसर में इसी प्रकार जारी रहेगा।

दो घंटे से अधिक चली बातचीत के बावजूद जब प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन नहीं दिया गया तो वार्ता बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गई। इसके बाद पार्षद पुनः नगर पालिका परिसर में धरने पर बैठ गए और अपने आंदोलन को जारी रखने की घोषणा की।

**जलभराव से परेशान महिलाओं ने भी दिया धरने को समर्थन**

नगर पालिका परिसर में चल रहे धरने के दौरान वार्ड क्रमांक 3, 10 और 11 की महिलाएं भी बड़ी संख्या में पहुंचीं। महिलाओं ने अपने वार्डों में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को उठाते हुए आंदोलनरत पार्षदों को समर्थन दिया। उन्होंने एसडीएम श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए कहा कि बरसात के दिनों में घरों और गलियों में पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो जाता है तथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं ने जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने और समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।

**स्वीकृत विकास कार्य भी जल्द होंगे शुरू : सीएमओ शारिब कौसर**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शारिब कौसर ने कहा कि पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा उठाई गई समस्याओं का नियमानुसार समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है, उन्हें भी शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। लंबित कार्यों की समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका जनहित के कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और पारदर्शिता के साथ सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

# विश्व शांति की कामना के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का दूसरा दिन संपन्न

## पंडित जितेंद्र उपाध्याय के सान्निध्य में हुआ रुद्राभिषेक, श्रद्धालुओं ने की शिव आराधना

अम्बाह।अजयभारत न्यूज



पवित्र श्रावण मास के अवसर पर ताल वाले हनुमान जी मंदिर प्रांगण, दौहरा धाम में आयोजित तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का दूसरा दिन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम पंडित जितेंद्र उपाध्याय के सान्निध्य में वैदिक विधि-विधान से आयोजित किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भगवान शिव के जयघोष, वैदिक मंत्रोच्चार और शिव भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया तथा विश्व शांति, राष्ट्र की उन्नति, अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

पंडित जितेंद्र उपाध्याय ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की विशेष आराधना का महीना है। इस पावन मास में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का विशेष धार्मिक महत्व है। श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान शिव की उपासना करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं तथा मन, परिवार और समाज में सुख-शांति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और संस्कारों को भी मजबूत करते हैं।

महायज्ञ के दूसरे दिन मुख्य यजमान श्रीमती गुड्डी सिंह एवं मुरारीलाल सिंह ने पूरे विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। पार्थिव शिवलिंग निर्माण में रजनी, ओमप्रकाश, छत्रपाल सिंह तौमर, रिंकू, अशोक, भोला, मुन्ना, संदीप, शिवानी एवं राखी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सेवाभाव से सहयोग किया।

महाआरती के साथ दूसरे दिन के धार्मिक कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से महायज्ञ के अंतिम दिन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

# तहसीलदार की सतत निगरानी से सुधरी खाद वितरण व्यवस्था

## एक सप्ताह से स्वयं मोर्चा संभाल रहे नरेश शर्मा, चार पीओएस मशीनों से किसानों को मिल रही समय पर खाद

अम्बाह।अजयभारत न्यूज



खरीफ सीजन के दौरान खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए तहसील अम्बाह में प्रशासन ने उर्वरक वितरण व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित करने के लिए विशेष अभियान चलाया है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसीलदार नरेश शर्मा पिछले एक सप्ताह से लगातार स्वयं वितरण स्थल पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। उनकी देखरेख में खाद वितरण की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सुचारु और पारदर्शी ढंग से संचालित हो रही है।

प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए प्रतिदिन थाना परिसर में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक टोकन वितरित किए जा रहे हैं। टोकन मिलने के बाद किसानों को निर्धारित केंद्रों पर पीओएस मशीनों के माध्यम से उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। भीड़ को नियंत्रित करने और किसानों का इंतजार कम करने के लिए प्रशासन ने चार पीओएस मशीनों की व्यवस्था की है। इनमें दो मशीनें मार्कफेड, एक मार्केटिंग सोसायटी और एक निजी उर्वरक विक्रेता के यहां संचालित की जा रही हैं।

तहसीलदार नरेश शर्मा लगातार किसानों से संवाद भी कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल उसका समाधान करा रहे हैं। वितरण के दौरान किसानों की पहचान, टोकन सत्यापन तथा पीओएस मशीन से उर्वरक वितरण की पूरी प्रक्रिया पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो सके।

तहसीलदार नरेश शर्मा ने बताया कि अम्बाह क्षेत्र में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र किसान को समय पर खाद मिले और किसी को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मशीनों की संख्या बढ़ाने का निर्णय किसानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लिया गया है, जिससे वितरण कार्य तेज गति से हो सके।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धैर्य बनाए रखें और प्रशासन द्वारा निर्धारित टोकन एवं वितरण व्यवस्था का पालन करें।

# ज्ञापन देने से थके लोग नगर निगम के गेट पर लगाएंगे अब ज्ञापन प्रदर्शनी

मुरैना।अजयभारत न्यूज

नगर निगम मुरैना को पूर्व में दिये गये ज्ञापनों पर कार्रवाई न होने के विरोध में आज गुरुवार को नगर निगम मुरैना पर सुबह 11 बजे से 01 बजे तक 'ज्ञापन प्रदर्शनी' का आयोजन पुर्व पार्षद दिलीप सिंह राठौर के नेतृत्व में किया जा रहा है, नगर निगम मुरैना, कलेक्टर महोदय, अनुविभागीय अधिकारी मुरैना, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को लगभग 09 महीनों में नगर निगम मुरैना को शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर दर्जनों शिकायत दर्ज कराई गई है,10 से अधिक ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन उन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।इसी उदासीनता और लापरवाही के विरोध में दिनांक 06 अगस्त 2026, गुरूवार को दोपहर 11 बजे से 01 बजे तक नगर निगम कार्यालय, मुरैना के समक्ष 'ज्ञापन प्रदर्शनी' का आयोजन किया जाएगा एवं दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक ज्ञानेश्वरी माता मंदिर रोड़ पर आमजनता के बीच ज्ञापन प्रदर्नी का आयोजन किया जायेगा।

प्रदर्शनी का उद्देश्य जनता को सच बताना पिछले लगभग 09 महीनों में निगम को दिये गये सभी ज्ञापनों की छायाप्रति आम जनता के सामने प्रदर्शित की जाएंगी नगर निगम प्रशासन से जवाब मांगना 'आखिर ज्ञापन डस्टबिन में क्यों जा रहे हैं?' इस सवाल का जवाब मांगना।समस्याओं को उजागर करना सफाई, नाली, सड़क, स्ट्रीट लाइट और घटिया निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना,होकर्स जोन, बगैर निर्माण भुगतान,अतिक्रमण जैसी ज्वलंत समस्याओं की फोटो के साथ प्रदर्शन।

**शिकायतकर्ताओं पदाधिकारी का कहना है:**

'हमने बार-बार ज्ञापन देकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी। पर जब सुनवाई नहीं हुई तो अब हमें मजबूरन जनता के बीच जाकर अपनी पीड़ा दिखानी पड़ रही है। ये प्रदर्शनी किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था की लापरवाही के खिलाफ है। अगर 06 अगस्त तक कार्रवाई नहीं हुई तो हम गली-मोहल्लों में घर-घर आंदोलन को मजबूर होंगे। '

**कार्यक्रम की रूपरेखा:**

- 6 अगस्त 2026, गुरुवार
- समयः दोपहर 11:00 बजे
- स्थानः नगर निगम कार्यालय, मुरैना के मुख्य गेट के सामने दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक ज्ञानेश्वरी माता मंदिर रोड़ पर इस 'ज्ञापन प्रदर्शनी' में शहर के सभी सामाजिक संगठनों, व्यापारी बंधुओं और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने की अपील की जाती है।

# बाइक हटाने को लेकर छात्रों में मारपीट, सड़क पर चले लात-घूंसे, वीडियो सामने आने पर पुलिस ने बुलाए परिजन

मुरैना।अजयभारत न्यूज


मुरैना जिले के सबलगढ़ थाना क्षेत्र में छात्रों के बीच बाइक हटाने को लेकर हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। सड़क पर दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में सामने आया कि विवाद में शामिल दोनों छात्र नाबालिग हैं। ऐसे में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बजाय दोनों पक्षों के परिजनों को बुलाकर समझाइश दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। वीडियो में दो पक्षों के बीच सड़क पर मारपीट होती दिखाई दे रही थी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर संबंधित युवकों की पहचान कर जांच शुरू की।

**बाइक हटाने की बात पर बढ़ा विवाद**

जानकारी के अनुसार घटना सबलगढ़ थाना क्षेत्र के रानीपुरा रोड स्थित कोचिंग के बाहर की है। मांगरोल निवासी दीपक रावत और रूपा की तोर निवासी रामू जादौन के बीच बाइक हटाने को लेकर कहासुनी हुई थी। कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि विवाद के बाद रामू जादौन और राहुल जादौन अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे और दीपक रावत के साथ मारपीट की।

**सड़क पर लगा लोगों का जमावड़ा**

मारपीट के दौरान सड़क पर काफी देर तक हंगामा होता रहा।



आसपास मौजूद लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने के बजाय पूरी घटना अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर ली। बाद में यही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने शुरू की जांच**

वीडियो सामने आने के बाद सबलगढ़ थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने वीडियो में दिखाई दे रहे छात्रों की पहचान की और दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ की।

**जांच में दोनों छात्र निकले नाबालिग**

पुलिस जांच में पता चला कि विवाद में शामिल दोनों छात्र नाबालिग हैं। इस कारण पुलिस ने किशोरों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों के परिजनों को बुलाया और उन्हें समझाइश दी।

**पुलिस ने क्या कहा**

सबलगढ़ थाना प्रभारी पंकज मुद्गल ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच में दोनों छात्र नाबालिग पाए गए। दोनों पक्ष किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते थे। ऐसे में उनके अभिभावकों की मौजूदगी में समझाइश देकर मामला शांत कराया गया। पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों पर निगरानी रखने और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने की सलाह भी दी।

**खास खबर** | विश्व स्तनपान सप्ताह

# गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण, स्तनपान और एनीमिया से बचाव की दी गई विस्तृत जानकारी

मुरैना।अजयभारत न्यूज

विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मुरैना में बुधवार को गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए पोषण, स्तनपान एवं एनीमिया जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशु को स्तनपान कराने, जीवन के पहले छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा दो वर्ष या उससे अधिक समय तक उपयुक्त पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि माँ का दूध शिशु के लिए संपूर्ण, सुरक्षित एवं सर्वोत्तम प्राकृतिक आहार है। यह शिशु को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने के साथ-साथ विभिन्न संक्रमणों एवं बीमारियों से सुरक्षा देता है तथा उसके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जन्म के पहले घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करने से नवजात की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और उसके स्वस्थ विकास की मजबूत नींव पड़ती है। चिकित्सकों ने गर्भवती एवं धात्री माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों का नियमित सेवन करने, समय-समय पर एनीमिया की जांच कराने तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने की सलाह दी। साथ ही एनीमिया के दुष्प्रभावों, उसके कारणों तथा बचाव के उपायों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि स्वस्थ माँ ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। उन्होंने सभी गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने तथा चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार आयरन एवं अन्य आवश्यक दवाओं का नियमित सेवन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्तनपान केवल शिशु के पोषण का माध्यम ही नहीं, बल्कि माँ और शिशु के बीच भावनात्मक संबंध को भी सुदृढ़ बनाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें स्तनपान, मातृ पोषण एवं एनीमिया से बचाव संबंधी जानकारी देने वाली पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया।

## आज शासकीय आईटीआई मुरैना में कैंपस प्लेसमेंट, दो प्रतिष्ठित कंपनियां करेंगी भर्ती

**मुरैना ।** जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), मुरैना में 7 अगस्त 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 11 बजे से कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि., ग्रेटर नोएडा तथा न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर्स, ग्रेटर नोएडा द्वारा विभिन्न ट्रेडों के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि. द्वारा डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, वेल्डर, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, पेंटर, ड्राफ्ट्समैन तथा आरएसी ट्रेड के 18 से 26 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 17 हजार 250 रुपये प्रतिमाह का सकल वेतन/स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर्स, ग्रेटर नोएडा द्वारा उपरोक्त ट्रेडों के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 13 हजार 500 रुपये प्रतिमाह का सकल वेतन/स्टाइपेंड प्रदान किए जाने के साथ-साथ तीन वर्षीय डिग्री प्रोग्राम में अध्ययन का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनके कौशल और करियर विकास को नई दिशा मिलेगी।

# श्री दुर्गेश्वरी क्षत्रिय राजपूत महिला समिति ने वृन्दावन सावन महोत्सव मनाया

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज



श्री दुर्गेश्वरी क्षत्रिय राजपूत महिला समिति द्वारा सेंट्रल पार्क होटल में सावन के इस मौसम में वृंदावन की झलक दिखाने वाला सावन महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें समिति की सदस्य कृष्ण, कृष्ण सखी, राधा और अष्टसखी , ब्रज बाला, गोपी का रूप धारण कर के आई। वृन्दावन सावन महोत्सव में कृष्ण-सखियों ने रास -लीला प्रस्तुत की और बृज बालाओं ने सावन लोक गीतों पर मगन होकर नृत्य किया। अंत मे सभी कृष्ण और सखियों ने मिलकर महारास किया और वृंदावन के सावन को साकार किया। महोत्सव में सब सदस्यों ने पर्यावरण सखी बनकर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

कार्यक्रम में अजंली भदौरिया, पूनम तोमर, नेहा सिसौदिया ने सावन पर आधारित मनभावन नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सुंचालन मोनिका भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में रेखा भदौरिया, साधना कुशवाह , संगीता भदौरिया, सुजाता सुंग्राम सिंह, रानू राजावत, बीना कुशवाहा, मीना चौहान, सुनीता भदौरिया, नीति तोमर, मोनिका चौहान नीलम जादौन, अर्चना भदौरिया, मीरा तोमर, आकांशा सिकरवार, वर्षा भदोरिया, सीमा तोमर, रजनी तोमर, कुसुम राजावत सीमा भदौरिया आदि उपस्थित रही।

## संक्षिप्त समाचार

### लहार में गहोई वैश्य समाज द्वारा मनाई गई राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती



भिण्ड। राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जी की 140वी जयंती के उपलक्ष्य मे गहोई वैश्य समाज द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती के अवसर पर नगर में बाईक रैली निकाली गई। गहोई वैश्य समाज के लोगो द्वारा लहार नगर में विशाल बाइक रैली निकाल कर पार्क मे पहुंच कर राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की प्रतिमा पर गहोई वेश्य समाज के अध्यक्ष श्री रामकुमार कुचिया एवम उपस्थित सभी समाज के लोगो ने माल्यार्पण किया एवम मिष्ठान का भोग लगाया मैथिलीशरण गुप्त जी अमर रहे के जयघोष लगाए गए राष्ट्र कवि मैथली शरण गुप्त सेवा समिति के सचिव महावीर शरण कस्तवार ( मेहरा ) ने यह जानकारी दी है इसके बाद गहोई भवन मे एक मीटिंग आयोजित हुई जिसमे लोगो ने गुप्त जी के जीवन दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किये एवम गहोई भवन मे यथा शीघ्र गुप्त जी के नाम पर एक वाचनालाय खोला जायेगा उसमे गुप्त जी द्वारा रचित.भारतभारती. यशोधरा. साकेत सहित सम्पूर्ण साहित्य रखा जाएगा कार्यक्रम के अंत मे स्वल्पाहार किया गया कार्यक्रम मे मिस्टर बाबू गुप्ता रामलखन गुप्ता. हरिबाबू गुप्ता. विजय गुप्ता. पवन गुप्ता. राकेश गुप्ता. दसरथ गुप्ता. राजेंद्र गुप्ता. सतीश गुप्ता. शरद गुप्ता. संतोष गुप्ता. बड़े गुप्ता आदि समाज के गणमान्य लोगो की गरिमामय उपस्थिति रही।

### जलभराव और अव्यवस्थाओं के विरोध में 7 अगस्त को ग्रामीण जिला कांग्रेस रैली

#### निकाल कर मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी

**भिण्ड**। जिला कांग्रेस कमेटी, भिंड (ग्रामीण) के अध्यक्ष रामशेष बघेल के नेतृत्व में जिले की नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में जलभराव,खराब जल निकासी व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं की बदहाली के विरोध में 7 अगस्त (शुक्रवार) को दोपहर 1: 00 बजे श्री हनुमान मंदिर (पुरानी जेल के पास,लहार रोड) भिंड से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री, मध्य प्रदेश शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा । जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के बाद जिले के अनेक वार्डों, बाजारों,शासकीय कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जलभराव की गंभीर स्थिति बनी हुई है । कांग्रेस द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जल निकासी व्यवस्था में तत्काल सुधार,नालियों की सफाई, प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य, सड़क,नाली,स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विकास कार्यों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच तथा अनियमितता पाए जाने पर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी । उन्होंने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं,पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों,युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस,एनएसयूआई, सेवादल,विभाग,प्रकोष्ठ एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जनहित के इस आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

### ग्राम पंचायत पुरा भीमनगर में शमशान घाट नहीं होने लोग परेशान



**भिंड**। जिले के जनपद पंचायत रौन के ग्राम पंचायत पूरा भीमनगर शमशान नहीं होने पर आज बरसात दिन श्री हरि राम बघेल की माता जी स्वर्गवास हो गया लेकिन बरसात में शमशान घाट में तीन सेट और रास्ता न होने के कारण उनकी माताजी के पार्थिव शरीर को जलाने में बहुत परेशानी हुई ग्रामीणों ने बरसाती तानकर हरी राम बघेल की माता जी का अंतिम संस्कार किया। मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री श्री पहलाद सिंह पटेल ने स्पष्ट कहा कि शमशान घाट पर टीन सेट और शमशान घाट के लिए सीसी रोड होना अनिवार्य है। पंचायत पुरा भीमनगर के सरपंच और सचिव ने माननीय मंत्री जी का आदेश भी खुटा से टांग दिया। पुरा भीमनगर के सभी ग्रामीणों ने भिंड कलेक्टर करोड़ी लाल मीणा और जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान से निवेदन है शमशान घाट की जांच कर सरपंच और सच्चे पर उचित कार्रवाई हो।

### पुलिस द्वारा सृजन संवाद कार्यक्रम जिला उत्कृष्ठ विद्यालय.01 में शुभारंभ



**शिवपुरी**। पुलिस विभाग के द्वारा जिला मुख्यालय पर सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जिला उत्कृष्ठ विद्यालय.01 में एएसपी आर.डी.प्रजापति के द्वारा शुभारंभ किया गया। यहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी.प्रजापति द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के बच्चों को उनके बेहतर भविष्य, आत्मरक्षा, अपराधों एवं सायबर सुरक्षा के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया। मध्यप्रदेश पुलिस एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय तथा यूएनएफपीए के तकनीकी सहयोग से प्रदेशभर में सृजन संवाद योजन संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों में विधिक जागरूकताए उत्तरदायी नागरिकताए सुरक्षा.बोध तथा न्याय तक पहुँच के संबंध में समझ विकसित करना तथा पुलिस एवं समुदाय के मध्य विश्वास एवं संवाद को सुदृढ करना है। योजना के अंतर्गत विद्यालयों में कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, विभिन्न कानूनों, बाल अधिकार, जे.जे.एक्ट, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, रोड सेफ्टी, साइबर सेफ्टी एवं नारकोटिक्स आदि विषयों पर जागरूक किया जाना है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया द्वार जिले मे सृजन संवाद योजना के तहत जागरुकता लाने के लिये जिले के पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये हैं, जिसके तहत बुधवार को उत्कृष्ठ विद्यालय.01 में सृजन संवाद कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एएसपी आर.डी.प्रजापति के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के तहत उपस्थित 11 एवं 12 वीं के छात्र छात्राओं से संवाद कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती, रक्षित निरीक्षक गायत्री इटोरिया, सूबेदार भानू प्रताप एवं उत्कृष्ठ विद्यालय.01 के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव, शिक्षक स्टाफ एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

### अब ऑनलाइन बनवाएं ट्रेड लाइसेंस, नपा ने शुरू की सुविधा

**शिवपुरी**। नगर पालिका परिषद शिवपुरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर के द्वारा समस्त व्यवसायियों और दुकानदारों को सूचित किया गया है कि अब ट्रेड लाइसेंस (व्यापार अनुज्ञप्ति) ई-नगर पालिका पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बनवाया जा सकता है। ट्रेड लाइसेंस छोटे और बड़े सभी व्यापारियों के लिए जरूरी दस्तावेज है। ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक का फोटो, दुकान या प्रतिष्ठान का फोटो, आधार कार्ड, संपत्तिकर की रसीद, जलकर की रसीद, किराए पर दुकान चलाने की स्थिति में किरायानामा और शपथ पत्र जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका कार्यालय की राजस्व शाखा में जितेन्द्र तोमर से संपर्क किया जा सकता है।

### आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी**। मेंटीनेंस का कार्य किये जाने के कारण 33 के.व्ही. गाजीगढ एवं भैंसाना फीडर तथा 33 के.व्ही. इन्दार फीडर पर 6 अगस्त को उक्त फीडर से जुड़े समस्त क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय बन्द रहेगा। उक्त 33 के.व्ही फीडरों के बंद रहने से प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गाजीगड एवं रसैरा से जुड़े समस्त क्षेत्र तथा 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भैंसाना एवं कुंवरपुर से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार 33 के.व्ही. इन्दार फीडर के बंद रहने से प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र इन्दार, रामगढ़ एवं मड़वासा से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान कल से होगा प्रारंभ

**प्रति शुक्रवार आमजन के बीच पहुंचेगा प्रशासन, क्षेत्र भ्रमण, जन-संवाद और शिकायतों के त्वरित निराकरण पर रहेगा विशेष फोकस**

भिंड। अजयभारत न्यूज



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर भिण्ड द्वारा जिले में जनसंवाद शिविरों का रोस्टर जारी किया गया है। अभियान का आयोजन 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करेगा।

जारी रोस्टर के अनुसार प्रथम जनसंवाद शिविर 7 अगस्त को विकासखण्ड मेहगांव के गोरमी में आयोजित होगा, इसके बाद 14 अगस्त को विकासखण्ड गोहद के एण्डोरी में, 21 अगस्त को विकासखण्ड लहार के आलमपुर में तथा 28 अगस्त को विकासखण्ड गोहद के मौ में जनसंवाद शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन जनसंवाद शिविरों के दौरान संबंधित क्षेत्रों का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी तथा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित जनसंवाद शिविरों में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए सहभागिता करने की अपील की है।

अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाएगी और शिकायतों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभागाध्यक्षों को भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रत्येक शुक्रवार क्षेत्र भ्रमण कर विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य शासन ने सभी विभागों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान सादगी, संवेदनशीलता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे आम नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## हाईवे हनुमान चौराहा नाले की जेसीबी से कराई गई सफाइ

### मूसलाधार बारिश के बीच नगर परिषद का सफाई अभियान

मालनपुर। अजयभारत न्यूज



रात-दिन हुई मूसलाधार बारिश के बाद जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद सीएमओ रेहान अली जैदी मालनपुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हाईवे स्थित हनुमान चौराहा नाले की व्यापक सफाई कराई। नगर परिषद के स्वच्छता अधिकारी बृजेश किरार ने मौके पर पहुंच कर कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन की सहायता से नाले में जमा गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाया, जिससे बारिश के पानी की निकासी सुचारु हो सके।

सफाई अभियान के दौरान कर्मचारियों ने नाले की पूरी लंबाई में सफाई करते हुए जल प्रवाह को सामान्य बनाया। इस कार्रवाई से हाईवे पर जलभराव की आशंका कम हुई और राहगीरों व वाहन चालकों एवं दुकानदारों को राहत मिली।

नगर परिषद ने नागरिकों से भी अपील की है कि नालों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि बरसात के मौसम में जल निकासी व्यवस्था प्रभावित न हो और शहर को जलभराव जैसी समस्याओं से बचाया जा सके।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रचार एवं किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से कृषक जागरूकता रथ हुआ रवाना

भिण्ड। अजयभारत न्यूज



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में कृषक जागरूकता रथ को कृषि कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं भारतीय कृषि बीमा कंपनी (ए.आई.सी. ऑफ इंडिया) द्वारा जिले में कृषक जागरूकता रथ का संचालन किया जा रहा है। जागरूकता रथ 17 अगस्त 2026 तक जिले के सभी विकासखण्डों, तहसीलों एवं ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर ऑडियो संदेश, पम्पलेट एवं अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ, बीमा प्रक्रिया तथा फसल बीमा योजना की अन्य गतिविधियों की जानकारी देगा। उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि प्राकृतिक आपदाओं एवं मौसम की अनिश्चितताओं, विशेषकर संभावित अल-नीनो के प्रभाव, को देखते हुए अधिसूचित फसलों का समय पर बीमा कराकर योजना का लाभ अवश्य लें। खरीफ-2026 सीजन में अधिसूचित फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, धान, तिल आदि के लिए किसानों को केवल दो प्रतिशत प्रीमियम ही जमा करना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि शासन द्वारा वहन की जाएगी। उप संचालक कृषि ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ना है। किसानों की सुविधा एवं अधिकाधिक किसानों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराने की निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से बढ़ाकर 17 अगस्त 2026 तक कर दी गई है।

## मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का जिला स्तरीय आयोजन कल

भिंड। अजयभारत न्यूज

मध्यप्रदेश पर्यटन एवं संवर्धन उद्देश्य को लेकर के वर्ष 2016 से प्रति वर्ष मध्यप्रदेश की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का जिला स्तरीय आयोजन 07 अगस्त 2026 को नवल किशोर शिवहरे नर्सिंग कॉलेज, पातीराम शिवहरे पेट्रोल पंप के पास, ग्वालियर रोड भिण्ड में किया जा रहा है, जिसमें समस्त शासकीय एवं अशासकीय मध्यप्रदेश बोर्ड सीबीएसई बोर्ड केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय आदि के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे, जिसमें विद्यालय स्तर से 3-3 विद्यार्थियों का दल बनाया जाकर 144 विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन कार्य भी पूर्ण किया गया है।

जिले की पंजीकृत संस्थानों द्वारा पंजीकृत विद्यार्थियों को लेकर जिला स्तर पर दिनांक 07 अगस्त 2026 को चयनित कार्यक्रम स्थल नवल किशोर शिवहरे नर्सिंग कॉलेज, ग्वालियर रोड भिण्ड में उपस्थित होंगे। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न की जावेगी प्रथम चरण पर लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें लगभग 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रश्न होंगे जो मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थल संस्कृति मध्यप्रदेश का इतिहास राष्ट्रीय उद्यान अभ्यारण वन्य जीव संरक्षण एवं संवर्धन पर्यावरण संरक्षण आदि से संबंधित बहुविकल्पीय रिक्त स्थान एक शब्द में उत्तर आदि पर आधारित होंगे लिखित परीक्षा में प्रथम 6 टीमों का चयन किया जाएगा, जिनके साथ द्वितीय चरण ऑडियो एवं वीडियो राउंड खेला जाएगा इसमें चयनित प्रथम तीन टीमों को मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से तीन दिन और दो रात तथा द्वितीय तीन टीमों को दो दिन और एक रात का भ्रमण पैकेज दिया जाएगा, जिसमें यातायात भोजन स्वल्पाहार, रात्रि विश्राम एवं भ्रमण संबंधी समस्त गतिविधियां मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा संचालित की जावेंगी।

जिला स्तर पर यह प्रतियोगिता कलेक्टर भिण्ड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड, जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड के दिशा निर्देशानुसार जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद भिण्ड एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित की जावेगी।

जिले के प्रतियोगिता हेतु पंजीयन करने वाले शासकीय/ अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालक/ बालिकाओं को मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित पर्यटन प्रतियोगिता 2026 में शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करायी जावे। अधिक जानकारी के लिए क्विज मास्टर श्री सत्यभान सिंह भदौरिया के मोबाइल नंबर 9009774640 एवं प्रबल श्रीवास्तव से मोबाइल नंबर 9826354207 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ऐसे आयोजन समाज को और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम : अध्यक्ष सुमत गुप्ता

**मध्यदेशीय अग्रवाल समाज का सावन कार्निवल एवं हरियाली हाट रहा आकर्षण का केंद्र, समाजजनों का हुआ भव्य मिलन**

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज



मध्य देशीय अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित सावन कार्निवल एवं हरियाली हाट का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सावन की पारंपरिक थीम पर आयोजित इस आयोजन में खरीदारी, मनोरंजन, सांस्कृतिक माहौल और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व समाज के अध्यक्ष सुमत कुमार गुप्ता (ख्यावदा वाले) ने किया। उन्होंने सभी समाजजनों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोडने् और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोडने् का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में मुख्यतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव जबकि विशिष्ट अतिथि शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन मौजूद रहे, जिन्होने इस कार्निवाल मेले को सराहा और स्वयं आगे आकर खरीददारी की। इस अवसर पर मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत जैन, समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकेश ठेइया, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष रेणू भरत अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष अंजू गोयल, महामंत्री कुलदीप जैन, महिला महामंत्री संगम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, सहमंत्री वैभव अग्रवाल, महिला सहमंत्री पूजा अग्रवाल, प्रचार मंत्री मनीष गुप्ता तथा महिला प्रचार मंत्री रेणू गोयल ने आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। सावन की हरियाली, झूले, आकर्षक स्टॉल, खरीदारी और पारिवारिक वातावरण ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम सफल संचालन श्रीमती संगम अग्रवाल के द्वारा साथ ही संचालन में सहयोग प्रदान कर समाजजनों का श्रीमती रेनू अग्रवाल के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित के आयोजन निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

### विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार किए गए प्रदान यह रहे लकी ड्रॉ के विजेता



इस सावन मेला कार्निवाल में प्रथम पुरस्कार (एयर फ्रायर) श्रवण गोयल, द्वितीय पुरस्कार (65 इंच ट्रॉली बैग) नरेंद्र अग्रवाल, तृतीय पुरस्कार (55 इंच ट्रॉली बैग) इसके अतिरिक्त 10 विजेताओं को 5 लीटर वाटर कैंपर तथा 10 विजेताओं को आकर्षक गिफ्ट हैम्पर्स प्रदान किए गए। प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार समाज के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता द्वारा प्रदान किए गए। उन्होंने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए समाज द्वारा आयोजित ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता एवं पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला बताया। पुरस्कार पाकर विजेताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्निवाल में फ्रेंडशिप डे स्पेशल गेम्स, मनोरंजक प्रतियोगिताएं एवं प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। फ्रेंडशिप डे गेम में प्रथम स्थान अदिति अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान शिल्पी गोयल ने प्राप्त किया। इसके अलावा विभिन्न खेलों एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भी विजेताओं को अनेक आकर्षक उपहार वितरित किए गए। कार्निवाल में कोटा, ग्वालियर, गुना, झांसी, करैरा एवं शिवपुरी से आए स्टॉलों पर डिज़ाइनर सूट-साडि़यां, ज्वेलरी, हैंडमेड राखियां, आर्ट एंड क्राफ्ट, गिफ्ट आइटम तथा स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे।

**खास खबर** — इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल

# जिला एवं संभाग स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में होली बड्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज



होली बड्स इंटरनेशनल स्कूल, शिवपुरी के खिलाडि़यों ने जिला एवं संभाग स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाडि़यों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

जिला स्तर पर एथलेटिक्स की 400 मीटर दौड़ में समर रावत, शतरंज में मृदुल शर्मा तथा राइफल शूटिंग में गुरनूर सिंह एवं प्रिंस सिंह का शानदार प्रदर्शन रहा और उनका चयन हुआ। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर विद्यालय के विनायक शर्मा सहित अंडर.14 बालिका टीम की खिलाड़ी प्रियांशी चंदेल, निर्जला शर्मा, शानवी चंदेल, हिमांशी राठौर, ईशु यादव, मोनिका निगम, आस्था बेडिया़, बुलबुल धाकड़, भाव्या तिवारी एवं शिवानी धाकड़ ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन संचालक राजेश गोस्वामी, विनोद शर्मा, भारत त्रिवेदी एवं मैनेजर नवींन अवस्थी ने सभी चयनित खिलाडि़यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की ओर से कहा गया कि खिलाडि़यों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है तथा उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य सहित खेल शिक्षक सुखवीर सिंह ने सभी खिलाडि़यों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर छात्र-छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शिवपुरी और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 के सफल आयोजन हेतु समिति बनाकर कार्य आवंटित

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 7 अगस्त (शुक्रवार) को प्रातः 08 बजे से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज) शिवपुरी में किया जाएगा। अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने क्विज प्रतियोगिता 2026 के आयोजन हेतु विभिन्न कार्यों के लिए समिति बनाकर कार्य आवंटित किया है। जिसमें कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था के लिए क्विज कोर कमेटी में डीईओ आकाश यादव, नोडल अधिकारी क्विज सौरभ गौड, क्विज मास्टर श्रीमती कीर्ति गुप्ता रहेंगे। महाविद्यालय में लिखित परीक्षा एवं मल्टीमीडिज क्विज हेतु आवश्यक व्यवस्था के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (पी.जी. कॉलेज) शिवपुरी के प्राचार्य पवन कुमार श्रीवास्तव रहेंगे। बैनर, पोस्टर, प्रचार-प्रसार, स्वागत, बैठक व्यवस्था, अतिथियों हेतु उपहार पुरस्कार वितरण आदि अन्य व्यवस्था समिति के लिए नोडल अधिकारी डीएटीसीसी सौरभ गौड़, सहायक डीएटीसीसी आर.पी. सिंह कुशवाह, पर्यटन प्रबंधक डीएटीसीसी देवानंद सोनी रहेंगे। लिखित परीक्षा प्रथम चरण का आयोजन प्रश्न पत्र वितरण एवं उत्तर पुस्तिका एकत्रीकरण के लिए बीईओ कौशल किशोर गौतम, शिक्षक रामेश्वर गुप्ता, शिक्षक यादवेन्द्र सिंह चौधरी रहेंगे। इसी प्रकार पंजीयन समिति तथा मूल्यांकन एवं प्रमाण पत्र समिति में क्रीडा अधिकारी चन्द्रशेखर बेमटे, शिक्षक राघवेन्द्र प्रताप रघुवंश रहेंगे। मल्टी मीडिया क्विज प्रतियोगिता (दोपहर 2.30 बजे से) के लिए क्विज मास्टर श्रीमती कीर्ति गुप्ता रहेंगी।

# 30 अगस्त तक जिले की सभी 186 नल-जल योजनाएं पूरी क्षमता से हों संचालित : कलेक्टर जांगिड़

**हर घर तक निर्बाध पेयजल पहुंचाना हो सर्वोच्च प्राथमिकता, घर-घर जाकर जलापूर्ति का हो सत्यापन, अंतिम छोर तक निर्बाध पेयजल पहुंचाने के निर्देश**

**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**



कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जिले की पंचायतों को हस्तांतरित 186 नल-जल योजनाओं को 30 अगस्त तक पूरी तरह चालू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग एवं जनपद पंचायतों के अधिकारियों से कहा कि पाइपलाइन लीकेज, मोटर, बिजली आपूर्ति तथा अन्य तकनीकी कमियों को जल्द दूर कर प्रत्येक योजना से अंतिम छोर तक नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं की डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड अभी समाप्त नहीं हुई है, उन्हें संबंधित ठेकेदारों के माध्यम से शीघ्र चालू कराया जाए।

मंगलवार को आयोजित पीएचई विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि केवल कागजी प्रगति पर्याप्त नहीं है, बल्कि अधिकारी स्वयं गांवों में जाकर घर-घर नलों की टोंटी खोलकर जलापूर्ति की जांच करें।उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक भी पर्याप्त पानी पहुंचे तथा प्रत्येक स्कूल और आंगनबाड़ी में नियमित पेयजल उपलब्ध रहे।

कलेक्टर ने कहा कि नल-जल योजनाओं के रखरखाव एवं आवश्यक सामग्री की खरीद ई-टेंडर प्रक्रिया (ईआरईएस) के माध्यम से समय-सीमा में पूरी की जाए। इसमें संबंधित ग्राम पंचायतों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पीएचई विभाग और जनपद पंचायत की संयुक्त जांच के बाद ही ठेकेदारों से योजनाओं का हस्तांतरण लिया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि नल-जल योजनाओं के बिजली कनेक्शन किसी भी स्थिति में न काटे जाएं तथा सभी योजनाओं को नियमित तीन-फेज बिजली मिलती रहे। यदि किसी योजना में तकनीकी या बिजली संबंधी कोई समस्या आती है तो पीएचई विभाग, जनपद पंचायत और बिजली विभाग आपसी समन्वय से उसका तत्काल समाधान करें।

कलेक्टर ने जल गुणवत्ता की नियमित जांच पर भी जोर देते हुए निर्देश दिए कि जल परीक्षण के लिए उपलब्ध कराई जा रही फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण के बाद जनपद पंचायत मुख्यालय से वितरित की जाए, ताकि गांव स्तर पर समय-समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच की जा सके।

बैठक में बताया गया कि अंबाह में 24, पोरसा में 18, मुरैना में 49, जौरा में 36, सबलगढ़ में 20, कैलारस में 18 तथा पहाड़गढ़ में 21 नल-जल योजनाएं पंचायतों को हस्तांतरित की जा चुकी हैं। कलेक्टर श्री जांगिड़ ने निर्देश दिए कि इन सभी 186 योजनाओं का संयुक्त सर्वे कर उन्हें नियमित और सुचारु रूप से संचालित किया जाए, ताकि जिले के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, कृषि मंत्री के प्रतिनिधि, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अमर दाहिया, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी और पीएचई के उपयंत्री उपस्थित रहे।

# नव मनोनीत पार्षदों का हुआ सम्मान, भाजपा जिला मंत्री मनोज सिकरवार गुर्जा ने किया अभिनंदन

**जौरा। अजय भारत न्यूज़**



नगर पालिका परिषद जौरा के टाउन हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री मनोज सिकरवार गुर्जा ने नगर पालिका के नव मनोनीत पार्षदों (नॉमिनेटेड एल्डरमैन) का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत और सम्मान किया।

इस अवसर पर पंकज गर्ग, श्रीमती वीरेंद्री त्यागी, महेश प्रजापति, श्री बांके बिहारी बंसल, दर्शन शाक्य एवं उमेश कुमार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नव मनोनीत पार्षदों को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

भाजपा जिला मंत्री मनोज सिकरवार गुर्जा ने कहा कि मनोनीत पार्षद नगर के विकास, जनहित और नगर पालिका की योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी पार्षदों से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

समारोह का माहौल आत्मीयता से परिपूर्ण रहा। उपस्थित लोगों ने सभी सम्मानित पार्षदों को नवीन दायित्व के लिए बधाई देते हुए उनके सफल, जनहितकारी एवं विकासोन्मुख कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त की।

# दिव्यांग सहायता शिविर में 48 दिव्यांग आए, 20 लोगों को सहायता उपकरण कराये उपलब्ध

**28 लोगों को किया गया उपकरण के लिए चिन्हित**

**पोरसा। अजय भारत न्यूज़**



शासन के आदेश पर जिलाधीश मुरैना की निर्देशन में सहयोगी संस्था एल एम को, एस आर ट्रस्ट के द्वारा व सेवा भारती मुरैना के सहयोग से आज जनपद पंचायत पोरसा के सभागार में नगर पालिका क्षेत्र एवं जनपद पंचायत के क्षेत्र के विकलांग दिव्यांग लोगों के लिए निःशुल्क दिव्यांग सहायता सिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगातार हो रही बारिश के बावजूद 48 लोग आए जिसमें 48 लोगों में से 20 लोगों को कृत्रिम उपकरण तुरंत बनाकर दिये गये, शेष 28 लोगों को उपकरण के लिए चिन्हित किया गया इनको शीघ्र ही उपकरण उपलब्ध कराये जाएंगे।

इस शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सुनीता शर्मा, पूर्व पार्षद एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अशोक सिंह तोमर, नरेंद्र कुमार जबलपुर, अविनाश सिंह तोमर सेवा भारती से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से मनीष शर्मा, हेमलता कनौजिया, पवन तिवारी, पूनम शर्मा, कौशिक तिवारी, देवेंद्र राजोरिया, पीयूष अग्रवाल, बृजेश सिंह तोमर, प्रेम सिंह लीड बैंक मुरैना आदि लोग शिविर में मौजूद थे।

शिविर में उपस्थित लोगों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर से लोगों को दिव्यांग लोगों को उनको कृत्रिम अंग देकर चलने वह कार्य करने के लिए सहयोग प्रदान करना है।

# निजी विद्यालयों के संचालकों एवं कार्यरत कर्मचारियों पर हमलों को लेकर दिया ज्ञापन

**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**



मध्य प्रदेश प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्थान संघ भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष दीपेश ओझा के आह्वान पर मुरैना के जिला अध्यक्ष अतुल सिंह तोमर द्वारा कलेक्टर कार्यालय में बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें निजी विद्यालयों के संचालकों एवं कार्यरत कर्मचारियों पर निरंतर प्राण घातक हमले हो रहे हैं पूर्व में खरगोन जिले के भीकन गांव के संचालक को रास्ते में हमला कर हत्या कर दी उसी प्रकार अभी मुरैना जिले के पोरसा में सतीश तोमर जी की हत्या कर दी गई।ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसलिए निजी विद्यालयों के संचालकों और समस्त स्टाफ के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर सुरक्षा प्रदान की जाये तथा स्कूल संबंधी समस्याओं का भी निराकरण किया जाए जो निम्न है

1 आरटीई फीस प्रतिपूर्ति की राशि दो वर्षो से लंबित है। अति शीघ्र राशि दी जाए।

2 राज्य शिक्षा सलाहकार परिषद में भी अशासकीय संगठनों के सदस्यों को लिया जाए और इसका गठन शीघ्र किया जाए।

3 कक्षा पहली से 12वी तक की स्थायी मान्यता प्रदान की जाए।

4 जिस प्रकार डॉक्टरों नर्सो और अस्पताल के कर्मचारियों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट है उसी प्रकार निजी विद्यालयों के संचालकों और प्राचार्यों शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

5 वार्षिक कैलेंडर जून में लागू किया जाए।

6 जितनी भी आई डी बनाई जा रही हैं बह मात्र एक या दो की जाए इसके अतिरिक्त नही की जाए और प्रवेश के चलते दवाब नहीं दिया जाए कि आप अभी के अभी शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें क्योंकि प्रवेश प्रक्रिया भी ज़ारी है।

7 बिना टी सी के किसी भी विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया नहीं हो।

8 उपरोक्त मांगों का निराकरण नहीं होने पर संगठन के सदस्यों द्वारा और संगठन द्वारा कलम बंद हड़ताल प्रारंभ की जाएगी और इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन शुरू होगा। साथ ही एक दिवसीय सांकेतिक प्रदेश के निजी विद्यालयों के बंद का आह्वान किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मध्य प्रदेश शासन की होगी ।

# अध्यापक पर तीन दिन अनुपस्थित रहने और ई-अटेंडेंस में कथित गड़बड़ी का आरोप

***एसडीएम व डीईओ से जांच की मांग, शिकायतकर्ताओं ने धमकी और गाली-गलौज का भी लगाया आरोप***

**अजय भारत न्यूज**

**पोरसा,(कासं)** । शासकीय प्राथमिक विद्यालय पालिका पुरा के अध्यापक महिपाल कुशवाह के खिलाफ विद्यालय के कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने एसडीएम पोरसा तथा जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) मुरैना को अलग-अलग आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, अध्यापक महिपाल कुशवाह 22 जुलाई 2026 से 24 जुलाई 2026 तक विद्यालय से कथित रूप से अनुपस्थित रहे। आरोप है कि इस दौरान उनकी ई-अटेंडेंस किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दर्ज की गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि इसकी तकनीकी जांच कराई जाए तो पूरे मामले का खुलासा हो सकता है।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब इस संबंध में सवाल उठाए गए और शिकायत की गई, तो अध्यापक ने आवेदक के साथ गाली-गलौज की और धमकी दी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस संबंध में पहले भी आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम एवं डीईओ से मांग की है कि ई-अटेंडेंस की सत्यता की तकनीकी जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अध्यापक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए पोरसा के बीईओ नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा अध्यापक महिपाल कुशवाह को नोटिस जारी करने की बात कही गई और स्पष्टीकरण मांगा गया है। विभागीय स्तर पर मामले की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

नोटः यह आरोप शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए हैं। आरोपों की पुष्टि संबंधित विभागीय जांच के बाद ही होगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# बरसते पानी में खाद के लिए लाइन में लगे सैकड़ों किसान, टोकन वितरण के लिए घंटों इंतजार

**धर्मवीर पचौरी**



**पोरसा।** खरीफ सीजन के बीच खाद वितरण को लेकर किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को पोरसा थाना परिसर स्थित गणेश मंदिर के पास खाद वितरण के टोकन लेने के लिए सैकड़ों किसान सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े रहे। लगातार हो रही बारिश के बावजूद किसान भीगते हुए अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। टोकन प्राप्त करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इधर प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में खाद का कोई संकट नहीं है। तहसीलदार एवं कृषि विभाग के एसएडीओ का कहना है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

बुधवार को तहसीलदार एवं एसएडीओ की मौजूदगी में किसानों को खाद वितरण के लिए टोकनों का वितरण कराया गया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ और बारिश के बीच लगी लंबी कतारें खाद वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।

किसानों ने मांग की है कि खाद वितरण की व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित बनाया जाए, ताकि उन्हें बारिश और लंबी कतारों में खड़े होकर परेशानी का सामना न करना पड़े।

# उम्मेद सिंह बने ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव

**अजय भारत न्यूज**



**मुरैना,(कासं)** । ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चतुर्भुज कुशवाह के द्वारा आज ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव के पद पर उम्मेद सिंह फौजी को नियुक्त किया है वही उम्मेद सिंह फौजी के प्रदेश महासचिव बनने पर मित्र मंडल परिवारजन एवं शहर के गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कि वहीं अपने प्रदेश महासचिव बनने पर उम्मेद सिंह फौजी ने ओबीसी महासभा के समस्त राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है ।

# मुरैना की पावन धरा पर हुआ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का जोरदार स्वागत





**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**

चंबल की पावन नगरी मुरैना में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस जनों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। स्वागत की इस विशेष कड़ी में वार्ड नं 28 के पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता नरेश भाई द्वारा प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का बड़ी माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही, मुरैना की प्रसिद्ध और पारंपरिक सौगात 'मुरैना का घेवर' भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान कांग्रेस परिवार के कई गणमान्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# जौरा पुलिस की तत्परता से 2 घंटे में मिला गुमशुदा 6 वर्षीय बालक, परिजनों ने जताया आभार

**अजय भारत न्यूज**



**जौरा,(कासं)** । जौरा थाना क्षेत्र में मनीष पेट्रोल पंप के पास से लापता हुए 6 वर्षीय बालक दार्षिक राठौर उर्फ गुन्नू को पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर सकुशल खोजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने से परिवार ने राहत की सांस ली और जौरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालक के अचानक लापता होने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने तत्काल जौरा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को तत्काल बच्चे की तलाश में लगाया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में तेजी से खोजबीन शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप लगभग दो घंटे के भीतर बालक अपने घर के आसपास सुरक्षित मिल गया। इसके बाद पुलिस ने बच्चे को सकुशल परिजनों को सौंप दिया। बच्चे के मिलने के बाद परिजनों ने जौरा पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता और सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस की सक्रिय कार्यशैली के कारण उनका बच्चा सुरक्षित वापस मिल सका। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने बच्चे को भविष्य में बिना बताए कहीं भी नहीं जाने की समझाइश दी, ताकि ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। यह घटना दर्शाती है कि समय पर पुलिस को सूचना देने और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से गुमशुदगी जैसे मामलों का शीघ्र समाधान संभव है।

# धूमधाम से मनाया गया जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापना दिवस

**जौरा। अजय भारत न्यूज़**



पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, जौरा, जिला मुरैना में 5 अगस्त 2026 को नवोदय विद्यालय समिति के संस्थापक एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी जी की दूरदर्शी सोच को स्मरण करते हुए स्थापना दिवस बड़े उत्साह एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या श्रीमती वंदना कुलश्रेष्ठ एवं उप-प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी द्वारा राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एस.के. दीक्षित, रामलखन यागिक, विजय कुमार, वान्या सिंह योगेंद्र, एच.के. गुप्ता, चतुर सिंह, स्वदेश माहेश्वरी, श्रीमती गीता तोमर, रूबी गोयल, श्रीमती भावनी पुरी उपस्थित रहे।

छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा नवोदय विद्यालयों के उद्देश्य, उपलब्धियों एवं गौरवशाली यात्रा पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने एवं 'विकसित भारत ' के निर्माण में नवोदय विद्यालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में छात्रों द्वारा 'नशा मुक्त युवा - विकसित भारत अभियान' विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसके माध्यम से नशे से दूर रहने एवं स्वस्थ युवा पीढ़ी द्वारा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया।

विद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा परिसर में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्थापना दिवस समारोह में अनुशासन, एकता एवं नवोदय परिवार की प्रतिबद्धता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# पहल परिवार द्वारा तिरंगा यात्रा को लेकर होटल धर्म इन में बैठक का आयोजन आज

**अजय भारत न्यूज**

**मुरैना,(कासं)** । पहल परिवार, मुरैना द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 26 शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से पहल परिवार द्वारा 06 अगस्त 2026 गुरुवार को होटल धर्म-इन, मुरैना में शाम 4:00 से 5:30 बजे तक बैठक आयोजित की गई है । इस अवसर पर पहल परिवार मुरैना के अध्यक्ष डॉ. विवेक राठी ने शहर की समस्त सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वह इस बैठक में उपस्थित होकर इस वर्ष की तिरंगा यात्रा को और अधिक भव्य, संगठित एवं प्रभावशाली बनाने हेतु आप सभी के सुझाव एवं सहभागिता अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है, जिससे आयोजन की समस्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके और तिरंगा यात्रा को भव्य एवं जन-सहभागिता का प्रतीक बनाया जा सके।

# आज उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 मुरैना में होगी मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता

**मुरैना। अजय भारत न्यूज़**

विद्यार्थियों में मध्यप्रदेश की पर्यटन, संस्कृति, पुरातत्व एवं समृद्ध विरासत के प्रति जागरूकता, ज्ञान और संरक्षण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का जिला स्तरीय आयोजन 7 अगस्त 2026 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, मुरैना में आयोजित किया जाएगा। क्विज प्रभारी डॉ. अशोक कुमार शर्मा एवं क्विज मास्टर डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने भोपाल से प्राप्त प्रतियोगिता की गोपनीय सामग्री कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुरैना को विधिवत सौंप दी है। जिले के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए 101 विद्यालयों ने तीन-तीन विद्यार्थियों की टीमों का ऑनलाइन पंजीयन कराया है। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित होगी। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा होगी, जिसमें मध्यप्रदेश के पर्यटन, पुरातत्व, संस्कृति, विरासत, पर्यावरण संरक्षण तथा संबंधित विषयों पर आधारित 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर श्रेष्ठ छह टीमों का चयन किया जाएगा। द्वितीय चरण में चयनित छह टीमों के बीच ऑडियो एवं वीडियो राउंड आयोजित होगा। अंतिम परिणाम के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा तीन दिन एवं दो रात का पर्यटन भ्रमण पैकेज प्रदान किया जाएगा। वहीं चैथे, पांचवें एवं छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को दो दिन एवं एक रात का पर्यटन भ्रमण पैकेज मिलेगा। इन पैकेजों में यात्रा, भोजन, अल्पाहार, रात्रि विश्राम तथा भ्रमण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा की जाएंगी। यह प्रतियोगिता कलेक्टर मुरैना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत तथा जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा शिक्षा विभाग, मुरैना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

# अग्रवाल संघ मुरैना द्वारा तीन दिवसीय 'रक्षाबंधन मेला-2026' का आयोजन

**अजय भारत न्यूज**

**मुरैना,(कासं)** । अग्रवाल संघ मुरैना के तत्वावधान में दिनांक 7, 8 एवं 9 अगस्त 2026 को गांधी मैरिज होम, गांधी बाल निकेतन रोड, गोपालपुर, मुरैना में तीन दिवसीय 'रक्षाबंधन मेला-2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार, व्यवसाय एवं आत्मनिर्भरता के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा, कौशल एवं उद्यमशीलता का प्रदर्शन कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। मेले में महिला उद्यमियों द्वारा राखियाँ, वस्त्र, आभूषण, पूजा सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, गृह सज्जा सामग्री, हस्तशिल्प उत्पाद, खाद्य सामग्री तथा अन्य घरेलू एवं उपयोगी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। यह आयोजन महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। अग्रवाल संघ का मानना है कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाएँ आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हों। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह मेला महिलाओं को केवल व्यापार का अवसर ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा अग्रवाल संघ मुरैना के नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पधारकर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करें, उनके उत्पादों की खरीदारी करें तथा इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी पहल को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## मुख्यमंत्री का सांदीपनि विद्यालय में छात्र संवाद

# विद्यार्थियों के चहरे पर मुझे दिखता है भारत का भविष्य: सीएम डॉ. यादव

भोपाल। अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने छात्राओं से पूछा- 'किताब से कल तक' विषय का क्या अर्थ है। इस पर छात्रा कुमारी एकता राजौरिया ने बताया कि 'किताब से कल तक' का अर्थ यह है कि आज बच्चे जो कुछ पढ़ रहे हैं, उसका जीवन में क्या महत्व है। आज हम जो पढ़ रहे हैं, वहीं भविष्य को साकार बनाएगा।

**प्र. छात्रा प्रिंसी वर्मा - माननीय क्या आप चैट-जीपीटी का प्रयोग करते हैं, यदि हां तो क्या सर्च करते हैं?**

उ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव- मैं किसी कार्यक्रम के विषय पर वर्तमान परिदृश्य में क्या नई चीजें हैं, उन्हें सर्च करता हूं। जो हमें अपने भाषण में शामिल करना चाहिए। लेकिन चैट-जीपीटी हो या ग्रोक्स, जिसने भी एआई टूल्स हों, ये आखिरी नहीं है। एआई का उपयोग करें, लेकिन स्वयं का दिमाग भी लगाएं और आंकड़ों को क्रॉस चेक जरूर करें।

**प्र. छात्रा लारा खत्री- क्या आप इंस्टाग्राम यूज करते हैं और किसे फॉलो करते हैं।**

उ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव- सोशल मीडिया के जमाने में हर राजनेता को वर्तमान जरूरतों के साथ चलना पड़ता है। इंस्टाग्राम भी हमें इस्तेमाल करना पड़ता है। मैं पीएम सर को फॉलो करता हूं।






**प्र. छात्रा एकता राजौरिया- सिलेबस के साथ और कौन सी पुस्तकें पढ़ें, जो हमारे सामान्य ज्ञान को बढ़ाएं?**

उ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव- पाठ्यक्रम की पढ़ाई के अलावा हमें अपने जीवन का लक्ष्य तय करके आगे बढ़ना चाहिए। टारगेट से जुड़े विषयों के अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। ईश्वर ने हमें विशेष गुण दिया है कि जो जैसा सोचता है, वैसा बन जाता है। मैंने नौकरी नहीं की, खेती की और व्यवसाय किया। बेटी को डॉक्टर बनाया। आप भी अपने छोटे भाई-बहनों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

**प्र. छात्रा आयोध्या- आपने डॉक्टरेट (पीएचडी) तक की पढ़ाई की और खेल विधा में पारंगत होने के लिए कैसे बैलेंस किया ?**

उ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव- विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए भी समय निकालें। अपनी दिनभर की दिनचर्या निर्धारित करें। इसमें खेलकूद के लिए भी टाइम दें। सोच-विचार के लिए थोड़ा खाली समय भी निकालें। मैं सीएम हाउस में रहते हुए भी नियमित स्वाध्याय करता हूं। डायरी लिखता हूं और आगे करने वाले कार्यों की लिस्ट बनाता हूं। पिछले कार्यों का मूल्यांकन भी करता हूं। जब मैं उज्जैन विकास प्राधिकरण का चेयरमैन बन गया, तब भी राजनीति शास्त्र में एमए किया। उसके बाद इसी विषय में पीएचडी भी कर ली। मैंने पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन रखते एमबीए भी किया। जीवन में पढ़ाई का दौर चलते रहना चाहिए। पढ़ने के लिए सिर्फ डिग्री जरूरी नहीं है, बल्कि यह मन की जिज्ञासा को शांत करने के लिए होनी चाहिए। अध्ययन के लिए जीवन में अनुशासन की भी आवश्यकता होती है। लोगों के सामने अपने ज्ञान के प्रदर्शन का तरीका भी आपके व्यक्तित्व को निखारता है।

### शिक्षकों से भी किया संवाद

**मुख्यमंत्री** डॉ. यादव ने कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय परिसर में ही प्रदेशभर से आए शिक्षकों से भी आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली शिक्षान्मुखी होने के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी भी होनी चाहिए। हमारे विद्यार्थी पढ़-लिखकर उन्नत खेती करें, राजनीति में आएं, सैनिक बनकर देश सेवा करें। व्यवसाय शुरू कर स्वावलंबी बनें, दूसरों को भी रोजगार प्रदान करें, इन सभी कार्यों के लिए शिक्षक वृंद विद्यार्थियों को प्रेरित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षकों से विज्ञान के रहस्यों और पारिवारिक जीवन से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यत पिंडे तत् ब्रह्मांडे, जैसा हमारा शरीर है, वैसा ही ब्रह्मांड है। व्यक्ति को प्रत्येक सांस के साथ जीवन मिलता है।

### सीएम डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को दिलवाया विकसित मप्र का संकल्प

**विद्यार्थियों के** साथ संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों चंद्रशेखर आजाद, सुभाषचंद्र बोस, बालगंगाधर तिलक, भगत सिंह और महात्मा गांधी के त्याग और उनके सपनों का उल्लेख कर विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो संकल्प देश के सामने रखा है, उसे पूरा करने की बड़ी जिम्मेदारी युवा एवं विद्यार्थियों की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब आप में से अधिकांश युवा होंगे। कोई इंजीनियर, कोई डॉक्टर, कोई किसान तो कोई अफसर या सैनिक होगा।

### खुशनुमा माहौल

मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान एक शिक्षिका ने बताया कि सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में कक्षाओं की शुरुआत आत्मीयता के साथ खुशनुमा माहौल में होती है। बच्चों का समूह बनाकर उनसे तरह-तरह की एक्टिविटीज कराई जाती है। शिक्षकों के प्रयास से सभी विद्यालयों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। स्कूल टीचर सुश्री शिवानी शर्मा ने वर्ष 1958 में स्थापित कमला नेहरू कन्या शासकीय विद्यालय को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरूप सांदीपनि विद्यालय के रूप में स्थापित होने के सफर की जानकारी दी।

## दर्द और मुस्कान की तस्वीरें...

# दतिया का गम भूल पाएंगे नरोत्तम और आशुतोष?

- **भाजपा की हार के बाद डॉ. नरोत्तम मिश्रा का बयान; बोले- 'ऐसा कोई काम न करें जिससे पार्टी, संगठन को नुकसान पहुंचे'**
- **नरोत्तम मिश्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपने ऊपर लग रहे आरोपों का खंडन किया है**

दतिया। अजयभारत न्यूज

दतिया उपचुनाव में बीजेपी की हार के बाद नरोत्तम मिश्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिये अपने ऊपर लग रहे आरोपों का खंडन किया है। दतिया से बीजेपी उम्मीदवार रहे आशुतोष तिवारी को लेकर जो खबरें उनके बारे में सामने आ रही हैं, नरोत्तम मिश्रा ने उनका खंडन किया है।उन्होंने लिखा कि, 'आशुतोष तिवारी मेरे अनुज हैं. उनके प्रति मेरे मन में हमेशा स्नेह और आत्मीयता रही है, और आगे भी रहेगी।हमारे बीच न कभी कोई कटुता थी, न आज है।आज भी हमारी मुलाकात हमेशा की तरह उसी गर्मजोशी और अपनत्व के साथ हुई।



दतिया सीट पर हाल ही में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। इस पर कांग्रेस के उम्मीदवार की जीत हो गई है। बता दें कि दतिया राज्य की सबसे चर्चित सीटों में से एक मानी जाती है और यहां भाजपा के कद्दावर नेता नरोत्तम मिश्रा का काफी प्रभाव माना जाता है। हालांकि, उपचुनाव में भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा के बजाय आशुतोष तिवारी को अपना उम्मीदवार घोषित किया था जिसपर काफी बवाल हुआ है। आखिरकार जब उपचुनाव का परिणाम सामने आया तो कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने भाजपा के आशुतोष तिवारी को हरा दिया। अब चुनाव परिणाम के बाद डॉ. नरोत्तम मिश्रा का बयान सामने आया है।

### नरोत्तम ने कार्यकर्ताओं से की अपील



**डॉ. नरोत्तम मिश्रा** ने आगे कहा कि उनकी आज भी आशुतोष तिवारी से पहले जैसी ही आत्मीयता और गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई। उन्होंने आशुतोष तिवारी को कर्मठ, समर्पित और मेहनती कार्यकर्ता बताया। नरोत्तम मिश्रा ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि 'ऐसा कोई काम या टिप्पणी न करें जिससे पार्टी, संगठन या आशुतोष तिवारी को नुकसान पहुंचे। राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन परिवार, संस्कार और रिश्ते हमेशा स्थायी रहते हैं।'

### क्या बोले नरोत्तम मिश्रा?

दतिया उपचुनाव के बाद फैली नाराजगी की खबरों पर मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सोशल मीडिया पर चल रही नाराजगी की खबरों को पूरी तरह से भ्रामक और असत्य बताया है। नरोत्तम मिश्रा ने कहा- 'भाजपा के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी मेरे अनुज हैं। हमारे बीच कभी भी कोई कटुता नहीं रही। हम दोनों के बीच 25 वर्षों का पारिवारिक रिश्ता है और आगे भी ऐसा ही बना रहेगा।

## किसानों के हित में दो बड़े निर्णय

**भोपाल।** किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने प्रदेश के किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के खरीद की अंतिम तारीख बढ़ाकर किसानों को बड़ी राहत दी गई है। उपार्जन प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत मूंग उत्पादक किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए स्लाट बुक करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त और मूंग एवं उडद उत्पार्जन की अंतिम तिथि 20 अगस्त कर दी है। इसके तहत किसान को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, रजिस्टर में पूरा ब्यौरा दर्ज करना होगा। उल्लेखनीय है कि खाद वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए 'हाइब्रिड मोड' लागू किया गया है। किसानों के हित में उपार्जन नीति में आंशिक संशोधन करते हुए मूंग का उपार्जन कृषकों के उत्पादन का 60 प्रतिशत किये जाने का प्रावधान किया गया है।

**स्लाट बुक करने की अंतिम तिथि 10 और मूंग-उडद उपार्जन 20 अगस्त तक**

## पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत पर गोलियां चलीं

मुरैना। अजयभारत न्यूज

पोरसा जनपद की ग्राम पंचायत भदावली में मनरेगा और पंचायत कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद विवाद बढ़ गया है। शिकायतकर्ता परिवार का आरोप है कि कलेक्टर की जनसुनवाई में महिला सरपंच के खिलाफ शिकायत करने की रंजिश में मंगलवार देर रात उनके घर के बाहर फायरिंग की गई। मामले में नगरा थाना पुलिस ने सरपंच पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता प्रशांत पुत्र छीद्धि सिंह तोमर निवासी भदावली ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में ग्राम पंचायत की सरपंच राखी तोमर के खिलाफ मनरेगा और पंचायत कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की शिकायत की थी।


### दतिया रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

भारतीय रेल द्वारा ज्योति स्नान पर्व के अवसर पर यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-ग्वालियर खंड के **दतिया रेलवे स्टेशन** पर दिनांक 08.08.2026 से 16.08.2026 तक निम्नलिखित रेलगाड़ियों को 02 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति |
|---|---|---|
| 1 | 12405 भुसावल-हजरत निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस | सप्ताह में 02 दिन |
| 2 | 12406 हजरत निज़ामुद्दीन-भुसावल गोंडवाना एक्सप्रेस | |
| 3 | 12807 विशाखपट्टणम-हजरत निज़ामुद्दीन समता एक्सप्रेस | सप्ताह में 05 दिन |
| 4 | 12808 हजरत निज़ामुद्दीन-विशाखपट्टणम समता एक्सप्रेस | |

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1811/26(AK)







## मध्य प्रदेश कांग्रेस में बड़ी ऊठापटक

# सभी विभाग और प्रकोष्ठ किए भंग दिल्ली में बैठक के बाद एक्शन



भोपाल। अजयभारत न्यूज

दिल्ली में पार्टी आलाकमान के साथ हुई मध्य प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस के सभी विभाग, प्रकोष्ठ और उनकी जिला और ब्लॉक स्तरीय इकाईयों को भंग कर दिया गया है। यह निर्णय प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत लिया गया है। अब प्रदेश में नए सिरे से संगठन का पुनर्गठन का काम किया जाएगा और प्रदेश कार्यकारिणी का गठन नए सिरे से होगा। दतिया उपचुनाव के नतीजों से उत्साहित कांग्रेस अब आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर संगठन की जिम्मेदार ऊर्जावान, सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को सौंपने जा रही है।

कांग्रेस जिला स्तर पर पार्टी संगठन की गतिविधियों की लगातार समीक्षा कर रही है। कांग्रेस द्वारा पिछले साल अगस्त में नियुक्ति किए गए जिला अध्यक्षकों को पिछले एक साल में लगातार टास्क सौंपे हैं।

# सड़क में सुरंग... झांसी रोड में सड़क धंसकी

## दो घंटे की बारिश में धंसी ग्वालियर की झांसी रोड

ग्वालियर। अजयभारत न्यूज

मानसून की बारिश शुरू होते ही ग्वालियर शहर की सड़कों की स्थिति एक बार फिर चर्चा में आ गई है। बुधवार को महज दो घंटे की तेज बारिश ने शहर की सबसे व्यस्त झांसी रोड की पोल खोल दी। झांसी बस स्टैंड के पास सड़क अचानक धंस गई और करीब 10 फीट गहरा सुरंगनुमा गड्ढा बन गया। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक कार गड्ढे में फंस गई। हालांकि समय रहते कार सवार सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क धंसने से झांसी रोड पर यातायात प्रभावित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर



क्षतिग्रस्त हिस्से के आसपास बैरिकेडिंग की गई और यातायात को वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि झांसी रोड पर पिछले करीब डेढ़ साल से निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है।

निर्माण की धीमी रफ्तार और गुणवत्ता में कमी के कारण पहली ही तेज बारिश में सड़क धंस गई। इससे निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। झांसी रोड शहर की प्रमुख सड़कों में शामिल है और प्रतिदिन हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। ऐसे में सड़क धंसने की घटना ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यह हादसा अधिक व्यस्त समय में होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

**खास खबर** सीएमएचओ ने भेजा पत्र...

# थाटीपुर के 6 बिस्तरीय स्वास्थ्य केंद्र को 50 बेड का बनाने का प्रस्ताव

ग्वालियर। अजयभारत न्यूज

शहर के थाटीपुर स्थित 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अपग्रेड करने का प्रस्ताव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एमएस सागर ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त को भेजा है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्थिति और क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए यह पहल की गई है। सीएमएचओ डॉ. सागर ने हाल ही में थाटीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेटरनिटी वार्ड, न्यूट्रिशन रिहेबिलिटेशन सेंटर (एनआरसी) और स्टोर का जायजा लिया। निरीक्षण में सामने आया कि अस्पताल में हर महीने औसतन 10 प्रसव हो रहे हैं, जबकि भवन और आवासीय क्वार्टर 40 से 50 वर्ष पुराने होने के कारण जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वार्ड



24 की करीब 13 हजार आबादी को सेवाएं दे रहा है, लेकिन यदि इसे 50 बिस्तरीय सीएचसी में विकसित किया जाता है तो आसपास के 5 से 6 वार्डों की करीब 75 से 80 हजार आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार थाटीपुर से जिला चिकित्सालय मुरार की दूरी करीब 3 किलोमीटर है, जबकि सिविल अस्पताल हजीरा और बिरला नगर अस्पताल 5 से 6 किलोमीटर दूर हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने की जरूरत

ऐसे में क्षेत्र में एक बड़े स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता महसूस की गई। थाटीपुर स्वास्थ्य केंद्र में हर वर्ष लगभग 40 हजार मरीज ओपीडी सेवाओं का लाभ भी लेते हैं। सीएमएचओ डॉ. एमएस सागर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किए जाने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अजय दीक्षित द्वारा अजय भारत प्रिंटिंग प्रेस, शांति विद्या पीठ केम्पस, ग्वालियर रोड मुरैना से मुद्रित एवं ई-11 सिटी सेन्टर साइड नं. 1 ग्वालियर म.प्र. से प्रकाशित। R.N.I. पंजीयन क्रमांक MPHIN/2013/53959
प्रधान संपादक अजय दीक्षित मो. 94251-26037, प्रबंध संपादक अरूण कुमार दीक्षित मो. 94251-26036, स्थानीय संपादक रविशेखर मो. 94256-70196, 0751-4065620 email-ajaybharatmorena@gmail.com